e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 53

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
23.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
धन कोई भी छीन सकता है, लेकिन ज्ञान आपके पास हमेशा बना रहेगा।

### विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र को लेकर विधायकों के साथ की बैठक

# बजट सत्र आज से शुरू

## सदन में आए सवालों का देंगे जवाब : सीएम



**इस बैठक में विधानसभा सत्र सुचारू रूप से किस प्रकार निर्बाध रूप से चले, इस पर विशेष चर्चा और विचार विमर्श किया गया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** 23 फरवरी से 2 मार्च तक शुरू होने वाले पंचदश झारखंड विधानसभा के बजट सत्र से पूर्व झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, कमलेश सिंह एनसीपी, प्रदीप यादव, सरयू राय, विनोद सिंह, लम्बोदर महतो, सत्यानंद भोक्ता मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि परिपाटी के अनुसार सत्र से पहले संबंधित सभी लोगों के साथ बैठक की जाती है। इस बैठक में विधानसभा सत्र सुचारू रूप से किस प्रकार निर्बाध रूप से चले, इस पर विशेष चर्चा और विचार विमर्श किया गया। सत्र के दौरान विपक्ष के विधायकों के द्वारा भी जो बात रखी जाती है उसे लेकर सरकार मंथन करती है। ताकि जनहित में कार्य हो सके। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सत्र के दौरान मौजूदा राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार चाहे वह युवाओं को लेकर हो या फिर अन्य भ्रष्टाचार के मामले इस पर विपक्ष पुरजोर तरीके से सदन में आवाज उठाएगा।

सरकार लेखा अनुदान लेकर खर्च करने का अधिकार ले ले एवं बजट सत्र के दौरान सभी विभागों के विषय में चर्चा होनी चाहिए। बता दें कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में बनी वर्तमान सरकार का यह पहला बजट सत्र होगा. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि सदन में जो भी सवाल आएंगे उसका समुचित जवाब देने के लिए हम तैयार हैं. उन्होंने कहा की 27 फरवरी को पेश हो रहा बजट झारखंड के हितों का ख्याल करने वाला बढ़िया बजट होगा.

### समय का सदुपयोग होना चाहिए : विधानसभा स्पीकर

लोकसभा चुनाव की वजह से विधानसभा का बजट सत्र संक्षिप्त होने पर स्पीकर ने सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही के समय का अधिक से अधिक सदुपयोग हो इसका जरूर ध्यान रखना चाहिए. हालांकि उपस्थित सदस्यों के द्वारा विधानसभाध्यक्ष से सदन की कार्यवाही की अवधि बढ़ाने और बजट सत्र को कुछ दिन और बढ़ाने का आग्रह किया.जिस पर विचार करने का आश्वासन स्पीकर ने दिया. आजसू के लंबोदर महतो ने कहा कि सदन में सरकार से ओबीसी आरक्षण, स्थानीय नीति, जेएसएससी पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सवाल पूछा जाएगा. जिसका जवाब सरकार को जवाब देना होगा.

**27 फरवरी को पेश हो रहा झारखंड का बजट**

### बजट सत्र में भाग लेने के लिए हेमंत सोरेन को कोर्ट ने नहीं दी अनुमति

**रांची:** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ा दी गई है.पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी. 22 फरवरी को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई. जिसमें कोर्ट ने हेमंत सोरेन के वकील के दलील को सुनने के बाद 7 मार्च तक उन्हें तीसरी बार न्यायिक हिरासत में भेज दिया.पूर्व सीएम ने स्पेशल कोर्ट से झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया.

## क्विक न्यूज

### सीबीआई ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसर सहित देश में 30 स्थानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गुरुवार को किरू जलविद्युत परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसर सहित देश भर में 30 स्थानों की तलाशी ली।सीबीआई ने देश के विभिन्न शहरों में 30 स्थानों पर छापेमारी के लिए 100 अधिकारियों के साथ सुबह अपना अभियान शुरू किया। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक यह मामला किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों के आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है।सत्यपाल मलिक 23 अगस्त, 2018 और 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल थे। उस दौरान उन्होंने दावा किया था कि उन्हें परियोजना से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश की गई थी।

### बड़ी मात्रा में जाली नोटों के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बड़ी मात्रा में जाली नोटों के साथ तीन तस्करों को धर दबोचा है। इनकी पहचान इनामुल मंडल (60), कमल मंडल (27), अमजद अली खान (52) और मोहम्मद कुरैशी (55) के तौर पर हुई है। अमजद अली खान और मोहम्मद कुरेशी आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं जबकि कमल मंडल नदिया के और इनामुल मंडल मुर्शिदाबाद का निवासी है। इनके पास से 90 हजार रुपये के जाली नोट बरामद किए गए हैं जिनमें से 500 के 170 नोट और 100 के 50 नोट शामिल हैं। एसटीएफ के डिप्टी कमिश्नर आईपीएस वी सोलेमन नेशा कुमार ने बताया कि इन्हें बुधवार को कोलकाता के नॉर्थ पोर्ट थाना क्षेत्र के मिलेनियम पार्क से पकड़ा गया था। इनके आने के बारे में पुख्ता सूचना मिली थी जिसके बाद उन्हें घेर कर गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ नॉर्थ पोर्ट थाने में आईपीसी की धारा 120बी, 489बी और 489सी के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। इनसे पूछताछ कर इनके अन्य साथियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। पता चला है कि ये सीमा पार से जाली नोटों को लाकर पूरे राज्य में तस्करी किया करते थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को मिली जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सुरक्षा बढ़ाई गई है. उन्हें गृह मंत्रालय की ओर से अर्धसैनिक बल वाली जेड प्लस सुरक्षा दी गई है. कांग्रेस अध्यक्ष को सीआरपीएफ की ये जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था आईबी की थ्रेड परसेप्शन रिपोर्ट के आधार पर मुहैया कराई गई है. सीआरपीएफ के कुल 58 कमांडो 24 घंटे मल्लिकार्जुन खरगे को सुरक्षा देंगे. कांग्रेस अध्यक्ष को पूरे देश में जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा दी जाएगी. जेड प्लस सुरक्षा में आम तौर पर 55 जवान होते हैं, जिसनें नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स के कमांडो और पुलिस के जवान शामिल होते हैं. सभी अत्याधुनिक हथियारों से लैस होते हैं. टीम का प्रत्येक सदस्य मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध कौशल में माहिर होता है. देश के करीब 40 वीआईपी को जेड प्लस सुरक्षा दी गई है.

### मणिपुर उच्च न्यायालय ने मैतेई को एसटी का दर्जा देने के सुझाव को लिया वापस

**इंफाल :** मणिपुर उच्च न्यायालय ने मैतेई को एसटी का दर्जा देने संबंधी अपने फैसले में दिये गये सुझाव को वापस ले लिया है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा बीते वर्ष मार्च में दिए गए इस फैसले के बाद से राज्य के कुकी-जो समुदाय के लोगों ने हिंसक आंदोलन शुरू कर दिया था। मणिपुर में हिंसा आज भी जारी है। उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार बनाम मिलिंद तथा अन्य मामले संबंधी एक फैसला का हवाला देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 341 तथा 342 में राष्ट्रपति को यह अधिकार दिया गया है कि किस जाति या जनजाति को किस श्रेणी में रखें। उच्च न्यायालय ने माना कि यह निर्णय संसद द्वारा कानून के संशोधन के जरिए ही लिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2023 के फैसले के खिलाफ एक समीक्षा याचिका के बाद, उच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 17(iii) को हटाने का आदेश दिया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्यूनतम | 12° |

### देश में देवालय के साथ-साथ गरीबों के लिए पक्के मकान भी बन रहे हैं : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी गुरुवार को गुजरात दौरे पर पहुंचे. यहां उन्होंने गुजरातवासियों को हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी. अपने गुजरात दौरे पर अहमदाबाद के बाद पीएम मोदी मेहसाणा पहुंचे. यहां उन्होंने रोड शो किया. पीएम मेहसाणा के तरभ में जनसभा में करोड़ों की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेहसाणा के विसनगर तालुक में वलीनाथ धाम मंदिर में पूजा की. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि भारत की विकास यात्रा में ये एक अद्भुत कालखंड है. ये एक ऐसा समय है, जब देवकाज हो या फिर देश काज, दोनों तेज गति से हो रहे हैं. देवसेवा भी हो रही है और देशसेवा भी हो रही है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत में आजादी के बाद विकास और विरासत के बीच टकराव पैदा किया गया.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि आज मैं इस पवित्र धरती पर एक दिव्य ऊर्जा महसूस कर रहा हूं. ये ऊर्जा हजारों वर्ष से चली आ रही उस आध्यात्मिक चेतना से हमें जोड़ती है, जिसका संबंध भगवान कृष्ण से भी है और महादेव से भी है. सैंकड़ों वर्ष पुराना ये मंदिर आज 21वीं सदी की भव्यता और पुरातन दिव्यता के साथ तैयार हुआ है. ये मंदिर सैंकड़ों शिल्पकारों, श्रमजीवियों के वर्षों के अथक परिश्रम का भी परिणाम है.पीएम मोदी ने आगे कहा कि 'हमारे यहां मंदिर सिर्फ देवालय या पूजा पाठ करने की जगह नहीं, बल्कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं.इसलिए एक तरफ देश में देवालय भी बन रहे हैं और करोड़ों गरीबों के पक्के घर भी बन रहे हैं.

**पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि भारत की विकास यात्रा में ये एक अद्भुत कालखंड है. ये एक ऐसा समय है, जब देवकाज हो या फिर देश काज, दोनों तेज गति से हो रहे हैं. देवसेवा भी हो रही है और देशसेवा भी हो रही है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत में आजादी के बाद विकास और विरासत के बीच टकराव पैदा किया गया.**

## लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : अबू बकर सिद्दिकी

### कृषि सचिव ने 17 अधिकारियों को किया शो-कॉज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया है कि कृषि, पशुपालन से जुड़ी योजनाओं हेतु आवंटित राशि का सदुपयोग करते हुए लाभुकों के चयन के अनुसार व्यय करना सुनिश्चित किया जाय। वे नेपाल हाउस स्थित एनआईसी सभागार में सभी जिला के कृषि पदाधिकारी, पशुपालन एवं मत्स्य पदाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विभागीय समीक्षा में बोल रहे रहे थे। विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने कई जिलों में निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताई और गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला -खरसांवा और लोहरदगा के जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, लातेहार और खूंटी के जिला कृषि पदाधिकारी और सरायकेला, सिमडेगा, हजारीबाग, जमशेदपुर और गुमला के जिला पशुपालन पदाधिकारी को शो कोज नोटिस देने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि कहा कि अगले आठ दिनों के अंदर अगर योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी नहीं आती है अथवा प्रदर्शन में सुधार नहीं आता है तो कार्रवाई के लिये तैयार रहें। उन्होंन मुख्यमंत्री पशुधन योजना की समीक्षा करते हुए हजारीबाग, गुमला,सिमडेगा, जमशेदपुर और सरायकेला के जिला पशुपालन पदाधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए शो-कॉज देने का निर्देश दिया है।कृषि योजनाओं के निराशाजनक कार्यान्वयन को लेकर उन्होंने ऐसे जिले जहां 10 प्रतिशत से कम काम हुआ है, उन जिलों के कृषि पदाधिकारी को शो कॉज का आदेश दिया। सचिव ने कहा कि परकुलेशन टैंक, और तालाब जीर्णोद्धार,गहरीकरण की योजनाओं के मद में राशि काफी बची हुई है। जल्द से जल्द माननीय विधायक से योजनाओं की अनुशंसा करवाकर काम करवायें साथ ही इस बात का ध्यान रहे कि योजनाओं की सत्यता जियो टैगिंग के माध्यम से करवायें तथा एमआईएस में इंट्री सुनिश्चित करें।

### केंद्रीय मंत्री ने आधुनिक मीडिया परिदृश्य के लिए परिवर्तनगामी पोर्टल का किया अनावरण

## भारत में व्यवसाय स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं वैश्विक कंपनियां : अनुराग ठाकुर




एजेंसी

**नई दिल्ली :** सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को चार परिवर्तनगामी पोर्टल लॉन्च किए, जो देश में मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने को तत्पर हैं। इसका उद्देश्य समाचार पत्र प्रकाशकों और टीवी चैनलों के लिए अधिक अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देकर व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करना, सरकारी संचार में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना, प्रामाणिक सरकारी वीडियो तक आसान पहुंच प्रदान करना और स्थानीय केबल ऑपरेटरों का एक व्यापक डेटाबेस बनाना तथा सरकार को भविष्य में केबल टेलीविजन क्षेत्र में नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में सक्षम बनाना है। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि आज भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में देखा जाता है, जहां वैश्विक कंपनियां व्यवसाय स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं। परिवर्तनगामी शासन और आर्थिक सुधारों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आग्रह को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि इससे भारत में व्यापार करने में काफी सुधार हुआ है। श्री ठाकुर ने कहा कि इससे मौजूदा व्यवसायों और नए उद्यमों, दोनों से निवेश में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से स्टार्टअप इको-सिस्टम फला-फूला है, जिसमें स्टार्टअप और यूनिकॉर्न की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। व्यापार सुगमता में सुधार की दिशा में सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इन्हें विश्व स्तर पर मान्यता मिली है।श्री ठाकुर ने कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस जैसे प्लेटफार्मों की सफलता एमएसएमई और छोटे व्यवसायों के लिए समान अवसर बनाने के सरकार के प्रयासों को दर्शाती है। इससे पहले, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि इन पहलों से हमें मीडिया के साथ अपने जुड़ाव को सुव्यवस्थित करने और बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल पारदर्शिता और नवप्रवर्तन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी।

### संयुक्त किसान मोर्चा की अहम बैठक में लिया गया फैसला

## किसान आंदोलन : 26 फरवरी को देशभर में होगा ट्रैक्टर मार्च



एजेंसी

**नई दिल्ली :** चंडीगढ़ में गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की अहम बैठक हुई। इसमें देशभर के कई राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। 14 मार्च को किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत करेंगे। वहीं 26 फरवरी को देशभर में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च करने का फैसला लिया है। किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां ने बताया कि 23 फरवरी को किसान पूरे देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूकेंगे। खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत पर किसान नेताओं ने दुख जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की। किसान नेताओं ने कहा कि किसान संगठन पूरे देश में रोष और काला दिन के रूप में प्रदर्शन करेंगे। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब की सीमा पर कार्रवाई की है। उन्होंने हरियाणा पुलिस के खिलाफ 302 के तहत केस दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले की न्यायिक जांच की जाए। हरियाणा के सीएम व गृह मंत्री के खिलाफ भी केस दर्ज करने की मांग उन्होंने की। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग भी संयुक्त किसान मोर्चा ने की।

### अमित शाह, मनोहर और विज का मांगा इस्तीफा

संयुक्त किसान मोर्चा ने देश के गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के इस्तीफे की मांग भी की। किसानों ने कृषि को विश्व व्यापार संगठन से अलग करने की मांग की है।

## कथावाचिका जया किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**लखनऊ :** लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर चढ़कर लोकप्रिय कथावाचिका जया किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी दीपेश को हजरतगंज थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बताया कि उसने इससे पूर्व हैदराबाद, जयपुर और जालंधर में भी जया किशोरी से छेड़खानी की थी, जहां उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज है।सोशल मीडिया के माध्यम से कथावाचिका जया किशोरी के कार्यक्रमों की जानकारी कर वहां पहुंचने वाला आरोपी दीपेश एक उद्यमी परिवार से जुड़ा है। वह स्वयं महाराष्ट्र के शिरडी में होटल के उद्यम से जुड़ा है। उसके जीवन में उतार-चढ़ाव के बीच कथावाचिका जया किशोरी से वह खासा प्रभावित हुआ। इस दौरान उनके कार्यक्रमों की जानकारी कर वहां पहुंचने लगा लेकिन हर बार दीपेश के व्यवहार से नाराज कथावाचिका या उनके रिश्तेदार द्वारा एफआईआर दर्ज करायी जाती है।कथावाचिका के चचेरे भाई दीपक ओझा की तहरीर पर लखनऊ के हजरतगंज थाने में पुलिस ने दीपेश के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की थी।

# पिकअप पलटने से 18 मजदूर घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के सारो ग्राम में पिकअप वाहन पलटने से उसपर सवार 18 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई जाती है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है।जिनमे सोनिया देवी, ओमप्रकाश बियार तथा दुबे बियार के नाम शामिल है।बाकी घायलो का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल बंशीधर नगर में किया जा रहा है। घटना गुरुवार की अहले सुबह साढ़े आठ बजे की बताई जाती है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त पिकअप वहां उन 18 मजदूरों को लेकर जलनल योजना का कार्य करने पिपरी कला ग्राम जा रहे थे कि वाहन अनियंत्रित हो कर सारो ग्राम के बजरंगबली मंदिर के पास खाई में गिर गया। जिसमें 18 लोग घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ सतेंद्र कुमार सिंह ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुच कर घायलों से घटना की जानकारी लिया।जब कि घटना की जानकारी प्राप्त होते ही अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी अस्पताल पहुच कर चिकित्सको के साथ मिल कर घायलों का इलाज करने में लग गई।

# प्रभार ग्रहण करने के 2 घंटे के भीतर किया गुमशुदा लड़की को बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना अंतर्गत कुंडली ग्राम निवासी कामत सिंह की पुत्री मंगलवार को घर से कोचिंग जाने को कह कर निकली और एक दिन बीतने के बाद भी घर वापस नहीं आई घर वाले में काफी खोज बिन किया लेकिन कहीं पता नहीं लगा तभी लड़की के पिता कामता सिह ने छतरपुर थाना में गुमशुदगी का लिखित आवेदन देकर खोजने की गुहार लगाया वहीं नए थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने योगदान देने के कुछ घंटे बाद ही कार्रवाई करते हुए गुमशुदगी लड़की को सुल्तानी घाटी बटाने मोड़ के समीप से ब्रामत किया और परिजनों को बुलाकर उन्हें सुपुत्र किया छतरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की लिखित सूचना मिली थी जिसके बाद कार्रवाई के दौरान सूचना मिला कि बटाने मोड़ के समीप एक लड़की घूम रही है जिसे दलबल के साथ जाकर उसे थाना लाया और पूछताछ करने पर पाया की लड़की कुंडली ग्राम की कामता सिंह की पुत्री है जिसे परिजनों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया गया और थाना प्रभारी ने अपील करते हुए कहा कि बच्चियों के जब भी कॉलेज या कोचिंग भेजते हौ तो उस पर परिजन जरूर निगरानी रखें।

# अबुआ आवास में बबुआ की मनमानी एसडीएम को सौंपा आवेदन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड में अबुआ आवास चयन में बबुआ यानी प्रखंड विकास पदाधिकारी के मनमानी से लाभुकों को काफ़ी परेशानी हो रही है, इस मामले को लेकर गुरूवार को दंगवार पंचायत के अबुआ आवास के लाभुकों ने अनुमंडल पदाधिकारी अशीष गंगवार को एक लिखित आवेदन दिया है, आवेदन में कहा है की हमलोग का अबूआ आवास के लिऐ जियो टैग हुआ था इसी बीच 21फ़रवरी को प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार और पंचायत सचिव दंगवार पंचायत में पहुंचकर जायजा लिया और साथ में पंचायत सचिव को वहीं पर डाटफटकार करने लगे और कहा की इन लोगों का अबुआ आवास का जियो टैग कैसे हो गया सभी लोगों का जियो टैग से नाम हटवाओ नहीं तो तुम्हें हम निलंबित कर देंगे, हम लोगो ने बीडीओ साहब से कहा की हम सभी लोग अत्यंत गरीब परिवार है किसी तरह टूटे हुऐ घर में कराकट लगा कर रहती हूं लिखित आवेदन में लाभुकों ने कहा है की आप अपने स्तर से हमलोग की स्थिती जांच करा कर अबूआ आवास दिलाने की बात कही है, आवेदन पत्र में सबिता देवी, प्रमिला देवी, रबीना बीबी, बुधिया देवी, बसंती देवी समेत कई लाभुकों का नाम शमिल है।

# प्राचार्य ने एसडीओ से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जवाहर नवोदय विद्यालय टू जपला के प्राचार्य अशहर रूमी ने गुरुवार को प्रशिक्षु आईएस सह हुसैनाबाद एसडीओ आशिष गंगवार से कार्यालय परिसर में मुलाकात की. इस दौरान प्राचार्य ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया. साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया. बताया कि यहाँ 2009 से जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित है. फिलवक्त स्थानीय शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के परिसर में संचालित है.अब शीघ्र ही विद्यालय लंगरकोट गांव मुरली पहाड़ी के समीप अपने स्थायी भवन ने शिफ्ट करेगा.बीते 20 फरवरी को देश के पीएम द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया जा चुका है. वहाँ शिफ्ट होने पर पाल्यो व शिक्षकों को सहूलियत होगी. और बेहतर ढंग से शिक्षण व अन्य गतिविधियां संचालित की जाएगी. एसडीओ ने प्राचार्य को आश्वस्त कराया कि मेरे तरफ से हर संभव सहयोग मिलेगा. उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय की शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान रही है. उसे बरकरार रखने की जरूरत है. उन्होंने टीम भावना के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने की बात कही. मौके पर विद्यालय की शिक्षिका तबस्सुम राणा ,कर्मी अभिलाष कुमार मौजूद थे।

# विश्रामपुर थाना में राकेश सिंह ने दिया योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर थाना में बतौर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने गुरुवार को योगदान दिया.इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान और संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। नव नियुक्त थाना प्रभारी राकेश सिंह ने शांति व्यवस्था कायम रखने में लोगों से सहयोग करने का अपील किया.कहा कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र में अमन चैन स्थापित रखन पहला उद्देश्य है। जिसमे सबका सहयोग अपेक्षित है। धन्यवाद ज्ञापन गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ने किया.बैठक में विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, सलीमुदीन अंसारी, मनीष कुमार, शमशेर आलम, पेंटर जिलानी, मुनि तिवारी, विजय चौधरी, अवधेश केशरी, महेंद्र चौधरी, सुरेंद्र मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# कार्यकर्ताओं ने जेएमएम छोड़कर भाजपा में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** गुरुवार के सुबह झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भानु प्रताप शाही ने कार्यालय भवनाथपुर टाउनशिप पहुंचकर खरौंधी मंडल के महामंत्री सह कूपा पंचायत के संयोजक पप्पू विश्वकर्मा को अंग वस्त्र एवं बुके देकर शिष्टाचार मुलाकात किया। उन्होंने कहा कि माननीय विधायक जी के भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर पहली बार मिले और बधाई दिए। वही लोकतंत्र राजतंत्र में ना स्थापित हो इसके लिए विश्व के सबसे बड़ा पार्टी भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रवाद के विचारधारा के प्रभाव से तथा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के राष्ट्रभक्ति को देखकर तथा झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भानु प्रताप शाही के कार्यो को देखकर,कूपा पंचायत से धनंजय कुमार, नवनीत कुमार पटेल, एवं अरविंद कुमार ठाकुर ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी में शामिल सदस्यों को भानु प्रताप शाही ने अपने से पार्टी के पट्टा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और पार्टी में आने के लिए ढेर सारे शुभकामनाएं और उज्जवल भविष्य की कामना दिया।

# छतरपुर थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों के साथ की औपचारिक बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने थाना परिषर में गुरुवार दोपहर को स्थानीय लोगो के साथ बैठक कर आपसी परिचय लिए वही लोगों ने छतरपुर थाना में नए पदस्थापित इंस्पेक्टर द्वारिका राम, थाना प्रभारी अनिल सिंह आदि को माला पहनकर स्वागत किया। बैठक में थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य करने के लिए आम लोगो की सहयोग जरूरी होता है साथ ही एक बेहतर समन्वय भी होनी चाहिए आगो इन्होंने कहा किसी प्रकार का कोई दिक्कत हो कोई भी काम हो बिना झिझक के हमसे मिले और अपनी बात रखे छतरपुर थाना हर वक्त आप सभी के समस्या के समाधान के लिए तत्पर है मौके पर इंस्पेक्टर द्वरिक राम एसआई राजेश रंजन एएसआई, जयप्रकाश तिवारी, पूर्व उपप्रमुख रंजीत जयसवाल उर्फ फंटूश, समाज सेवी अरबिंद गुप्ता उर्फ जुनून, पोखराज राम, जगदीश रजक, गणेश सिंह, टिंकू ठाकुर, पंकज बरई, अमित कुमार, जीतू यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# शिक्षक अखिलेश चंद्र रजन की विदाई समारोह की गई आयोजीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे अवस्थित जवाला प्रसाद सिंह स्त्रोन्त उच्च विधालय गुलाबझरी मे पदस्थापित शिक्षक अखिलेश चंद्र रंजन के स्थान्तरण हजारीबाग मे हो गई है। गुरूवार की समुदायिक भवन मे सदा सामरोह आयोजित कर शिक्षक अखिलेश चंद्र रंजन की सहायक अध्यापक शिक्षक संघ नौड़ीहा बाजार इकाई की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष आजाद गुप्ता, विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, शिक्षक अखिलेश कुमार चौधरी, सुनील यादव, विष्णुपत कुमार, अम्बिका कुमार, अशोक राम, मिथिलेश कुमार यादव समेत काफी संख्या मे शिक्षक मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक की गई।बैठक में समिति द्वारा नवप्रोन्नत कार्यालय अधीक्षक एवं प्रधान लिपिकों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मती से नवप्रोन्नत कार्यालय अधीक्षक - कुलन्दर आजाद, कार्यालय अधीक्षक का भूमि सुधार उप समाहर्ता, महुआडाड़ में पदस्थापन एवं जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में प्रतिनियुक्त किया गया। देवनाथ उरांव, कार्या0 अधी0 का अनुमंडल कार्यालय, लातेहार। सच्चिदानन्द कुमार, कार्या0 अधी0 जिला सामान्य शाखा लातेहार को जिला गोपनीय शाखा लातेहार में प्रतिनियुक्ति किया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो0 परवेज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, स्थापना उप समाहर्ता उदय कुमार, कार्यालय अधीक्षक आदि उपस्थित थे।

## भाजपा चलायेगी लाभार्थी संपर्क अभियान

**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर आरसी आईटी के सभागार में लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लोकसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.जिसका शुभारंभ भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप सही, कार्यक्रम प्रभारी आरती कुजूर व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया.कार्यशाला में कार्यक्रम प्रभारी के द्वारा सरल ऐप्स एवं संपर्क अभियान के तकनीकी विषयों की जानकारी दी गई.आगामी 25 फरवरी तक प्रखंड स्तर पर लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला आयोजन के बारे में भी बताया गया.डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा गया कि पूरे देश में भाजपा के द्वारा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है.इस अभियान में कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर-घर जाकर संपर्क करते हुए मोदी सरकार के द्वारा भेजे गए पत्र को देंगे.इस दौरान कार्यकर्ता मोदी जी का दूत बनकर उन्हें नमस्कार करेंगे और आने वाले लोकसभा चुनाव में अपना बहुमत मतदान मोदी को देकर देश को मजबूत करने का आग्रह करेंगे.विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि देश की जनता गर्वानवित है कि नरेंद्र मोदी जैसा व्यक्ति देश का नेतृत्व कर रहे हैं.जिनके नेतृत्व में कई असंभव कार्य संभव हुआ है.सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मोदी का संदेश गांव गांव व घर-घर तक पहुंचाना है.लाभार्थी परिवार से विशेष रूप से मिलना है और उनके साथ सेल्फी भी लेना है.कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी व गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो ने संयुक्त रूप से किया.जबकि कार्यक्रम का संचालन दुर्गा जौहरी ने किया.कार्यशाला में विनोद सिंह,प्रमोद चौबे,लोकसभा संयोजक बिपिन बिहारी सिंह,गढ़वा जिला सहसंयोजक अलख नाथ पांडेय,मुकेश निरंजन सिंह,संतोष दुबे,बृजेश चौबे,मनीष कुमार,सीटू गुप्ता,विजय चौबे,रूपा सिंह,गोपाल सोनी,संतोष राम सहित पलामू लोक सभा अंतर्गत सभी मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए.

## सर्वेश्वरी समूह केतार द्वारा 25 फरवरी को नेत्र जांच हेतु लगेगा शिविर

**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार में स्थित सर्वेश्वरी समूह आश्रम के द्वारा आगामी 25 फरवरी दिन रविवार को निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण का आयोजनह्य किया गया है। जहां सुप्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ द्वारा निशुल्क आंखों का जांच एवं दवा वितरण किया जाएगा। साथ ही आवश्यकता अनुसार लोगों को लगने वाला चश्मा का भी जांच होगा। उक्त शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 तक रहेगा।

## मारपीट में घायल ईलाज के दौरान मिथलेश की हुई मौत

**चतरा/इटखोरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटखोरी देवी मंडप समीप निवासी सकलदेव दांगी के पुत्र मिथलेश कुमार दांगी के साथ हुई मारपीट की घटना में मिथलेश की रांची एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई । इस खबर की सूचना पर परिजन व ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर दोषियों के गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे । परिजनों का कहना था कि 17 फरवरी रात की घटना है, जिसमें थाना प्रभारी के द्वारा मात्र एक अभियुक्त पप्पू सिंह की गिरफ्तारी की गई । बाकी बचे लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया। यह पुलिस प्रशासन के उदासीनता को दर्शाता है । इस मौके पर मुख्यालय डीएसपी रोहित रजवार ने इटखोरी थाना पहुंचकर ग्रामीणों व परिजनों को आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के भीतर हत्यारों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल के सलाखों के पीछे भेजेंगे। इस मौके पर डीएसपी ने कहा कि यह घटना काफी पीड़ा दायक है । इतनी बर्बरता के साथ मारपीट नहीं होनी चाहिए लेकिन दोषी बचेंगे नहीं। इस घटना में 16 / 24 कांड संख्या दर्ज किया गया है । 12 अभियुक्त में एक कि गिरफ्तारी हुई है बाकी 11 अभियुक्त की तलाश पुलिस के द्वारा जारी है । इस दौरान परिजनों ने कहा कि उस घटना में अन्य लोग भी शामिल है तो डीएसपी ने कहा कि सभी का नाम लिखित रूप से दें उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा । मालूम हो कि दो दिन पूर्व को मूर्ति विषर्जन के मामूली विवाद को लेकर 17 फरवरी की रात मिथलेश दांगी को बर्बरता पूर्वक 12 लोगो ने मिलकर मारपीट की थी । परिजनों द्वारा मिथलेश को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां 22 फरवरी की शुबह मिथलेश की मौत की सूचना परिजनों को मिली । इस घटना में मृतक के भाई पवन कुमार दांगी ने थाना में 18 फरवरी को ही 12 नामजद लोगो पर मारपीट का मामला दर्ज करवाया था । जिसमे पुलिस ने एक अभियुक्त पप्पू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था । बाकी 11 लोगो मे इटखोरी गांव के रहने वाले लक्की सिंह, अमित कुमार सिंह, कमलेश गिरी, विशाल गिरी, लल्लू गिरी, छोटू गिरी, संदीप गिरी, राजेश गिरी, गन्नू ठाकुर, रोहित गिरी और बबलू सोनी का नाम शामिल है । पोस्टमार्टम के पश्चात शव घर पहुचते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया।

## अवैध बालु लदा एक ट्रैक्टर जप्त, प्राथमिकी दर्ज कर होगी नियम संगत करवाई : सीओ

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयल नदी जोगना बालु घाट से अवैध बालु लाद कर जोगना सेन्हा पथ से परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर सेन्हा चौक की ओर जा रहा था। जिसे गुप्त सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी द्वारा अंचल में तैनात होम गार्ड के जवानों के सहयोग से सेन्हा आदिवासी मुहल्ला के समीप ट्रैक्टर को रोक कर चालक से बालु परिवहन का कागज़ात की मांग किया गया। जिसे ट्रैक्टर चालक द्वारा किसी तरह का कागजात नही दिखाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। वही अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि सेन्हा आदिवासी मुहल्ला के समीप दिन में ही एक ट्रैक्टर को आते देख वाहन को रुकवा कर देखा गया तो अवैध बालु लदा हुआ था। जिसे चालक से बालू परिवहन का कागजात मांगने पर किसी तरह का कागजात नही दिखाया गया तो ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रख जिला खनन पदाधिकारी को विभागीय करवाई हेतु पत्र को लिखा गया है। साथ ही कहा कि किसी प्रकार से अवैध बालु परिवहन का कार्य करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत करवाई किया जायेगा।

## कोलेबिरा प्रखण्ड के सेतासोया गांव में ग्राम सभा को सशक्त करने हेतु हुई बैठक



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा प्रखण्ड के बंदरचुवा पंचायत अंतर्गत सेतासोया गांव में जोलेन जोजो की अध्यक्षता में ग्राम सभा बैठक संपन्न किया गया। बैठक में ग्राम सभा का पुनर्गठन और महिला समिति बाल अखाड़ा समिति गठन के साथ-साथ ग्राम सभा का बाजार के साथ जोड़ने के संबंध में विशेष विचार विमर्श किया गया जिसमें सर्व समिति से बैंक बचत खाता खोलकर ग्राम सभा के प्रत्येक परिवार से महुआ का सीजन में 5 किलो महुआ ग्राम सभा फंड के लिए जमा करने पर निर्णय हुआ। इस बैठक में मूल्याणी डांग खुशीराम कुमार और जिला ग्राम सभा मंच, सिमडेगा के अध्यक्ष समर्पण सुरीन सहित ग्राम सभा महिला समिति के सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची प्रेस क्लब 8 से 10 मार्च तक बसंत मेला का आयोजन कर रहा है

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा 8 से 10 मार्च तक बसंत मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 20 से 25 स्टॉल लगाए जायेंगे, जहां आप और आपकी फैमिली अपना हुनर दिखायेंगी। आपके अंदर जो भी प्रतिभा है चाहे वो रसोई घर से जुड़ी है या आपके अंदर की कलात्मक प्रतिभा। ऐसे कलाकारों को मंच देने के लिए द रांची प्रेस क्लब ने एक शानदार पहल की है। स्नडुह्लद्ग कम fund raising बसंत मेले के तहत प्रेस क्लब से जुड़ी महिला सदस्यों के साथ साथ उन तमाम पुरुष पत्रकारों के परिवार से जुड़ी महिलाएं आमंत्रित हैं। जो अपनी खूबियों को प्रेस क्लब के माध्यम से हम सब के साथ साझा करना चाहती है।

### महिला की हत्या मामले में सौतन और उसके भाई दोषी करार

**रांची** : अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को अपनी सौतन की हत्या के मामले में मिमता देवी और उनके भाई सुभाष महतो को दोषी ठहराया है। कोर्ट इनकी सजा के बिंदु पर पांच मार्च को सुनवाई करेगा। मामले में अदालत ने मृतका के पति धनराज महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आरोप है कि कांके थाना क्षेत्र के धनराज महतो की दूसरी पत्नी अंजू देवी की हत्या धनराज महतो की पहली पत्नी मिमता देवी अपने भाई सुभाष महतो संग मिल कर कर दी थी। धनराज महतो की दोनों पत्नियों के बीच अक्सर विवाद होता था। बाद में दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि 13 जनवरी 2001 को पहली पत्नी ने अपने भाई के संग मिल कर हत्या की घटना को अंजाम दे दिया।

# युवा खिलाड़ी खेल रहे हैं उन्हें देखकर खुशी हो रही है : विक्रम राठौड़




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार से भारत और इंग्लैंड चौथे टेस्ट मुकाबले की तैयारी जेएससीए स्टेडियम में पूरी हो गई है। मैच से ठीक एक दिन पहले भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने पत्रकारों को संबोधित किए। भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ियों के टेस्ट मैच स्तर पर खेलने से हमें अच्छा महसूस हो रहा है। जिस तरह से युवा खिलाड़ी खेल रहे हैं उसे देखकर खुशी हो रही है। बल्लेबाजी कोच के रूप में मुझ पर ऐसा कोई दबाव नहीं है, बस खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन करने की जरूरत है। कुछ प्रमुख खिलाडि़यों की कमी हमेशा निराशाजनक होती है लेकिन इससे युवा खिलाड़ियों को अपने अवसरों का फायदा उठाने का मौका मिलता है। विक्रम ने आगे कहा कि केएल राहुल फिलहाल वह फिट नहीं हैं। मेडिकल टीम उनकी सही स्थिति बताएगी। मेरे लिए वह फिट नहीं हैं और यह मैच नहीं खेल रहे हैं। रजत पाटीदार पर हम काफी चर्चा कर रहे हैं। वह एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है और उसने जो भी खेल खेले हैं उनमें स्कोर किया है। जडेजा हमेशा से एक बहुत अच्छे बल्लेबाज रहे हैं, वह जो कर रहे हैं बस उसे जारी रखे। विक्रम राठौड़ ने कहा कि यह एक विशिष्ट भारतीय विकेट है और हम जानते हैं कि यह टर्न करेगा लेकिन कब, यह कहना मुश्किल है और हम हर परिस्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त है। टीम में संतुलन बनाना होगा और अंतिम दिन का निर्णय कप्तान और कोच को लेना होगा।

**भारत की संभावित प्लेइंग 11:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

**रांची टेस्ट के लिए टीम इंडिया का स्क्वॉड:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल , वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# खेलकूद से अनुशासन और आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है : राज्यपाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि खेलकूद की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने से अनुशासन और आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है। प्रतिभागी जय और पराजय दोनों में समभाव की भावना रखते हैं। यह भावना मनोबल को बढ़ाता है जिससे वे अपने कार्यों को दक्षता पूर्वक और कुशलतापूर्वक सम्पन्न करने की दिशा में प्रेरित होते हैं। राज्यपाल गुरुवार को रांची स्थित होमगार्ड के सेंट्रल ट्रेनिंग सेंटर में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी की स्थापना व्यापक उद्देश्य के साथ की गयी थी। आज यह संगठन राज्य स्तर पर कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। आपातकालीन समय में भी यह सक्रिय रहता है। होमगार्ड की सेवा में ढांचागत सुधार एवं सुविधा में बढ़ोतरी के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा के लिए अग्निशमन सेवा अधिनियम की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है जिससे भविष्य में इस सेवा में व्यापक सुधार हो सकेगा। राज्यपाल ने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी खेल भावना का परिचय देंगे और इसी भावना के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करेंगे।

# भारत इंग्लैंड टेस्ट मैच आज से, चप्पे चप्पे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडिया और इंग्लैंड के चौथे टेस्ट मैच 23-27 फरवरी को जेएससीए स्टेडियम, रांच, में विधि-व्यवस्था ड्यूटी संधारण हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। जिसमे उपस्थित पदाधिकारी- नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, विधि-व्यवस्था, हटिया डीएसपी पीके कुमार स्टेडियम पदाधिकारी, परिचारि प्रवर-1,2, थाना प्रभारी, परिचरि गण, एवम कई वरीय पुलिसकर्मी और जवान मौजूद थे।

# डालमिया सीमेंट 85 सालों से भरोसेमंद रहा है : सुनील अग्रवाल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डालमिया सीमेंट में रुफ कॉलम फाउंडेशन आरसीएफ एक्सपर्ट के रूप में अपनी नई ब्रांड पोजिशनिंग के साथ बिल्डर को बढ़ाया है। सही इस्तेमाल ग्राहकों का मार्गदर्शन और सहायता करने की जिम्मेदारी लेते हुए डालमिया के राष्ट्रीय सेल हेड सुनील अग्रवाल ने कही । उन्होंने बताया कि पिछले 85 सालों से डालमिया भरोसेमंद रूप में काम कर रहा है और उसको बढ़ाने में जितने भी सहयोगी हैं उनका बहुत बड़ा योगदान है। वही कंपनी के एमडी और सीईओ पुनीत डालमिया ने कहा कि पिछले 8 दशकों से हमारी शानदार यात्रा के दौरान डालने सीमेंट हमारे देश को इसकी बुनियाद बनाने के लिए करने मिलकर खड़ा रहा। डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड के सीईओ समीर नागपाल ने कहा कि हमारा मानना है की ब्रांड को उपभोक्ताओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए ताकि वह सही जानकारी और आधारित विकल्प चुन सके । वही हिंदी फिल्म के स्टार रणवीर सिंह ने कहा कि मैं 80 से अधिक वर्षो से निर्माण क्षेत्र में योगदान देने वाले डालमिया का उनका हमेशा प्रशंसा की है। इस अवसर पर स्टेट हेड श्रीकांत वर्मा, जोनल हेड ग्रीस रंजन सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया और डालमिया के साथ किए गए कार्यों और अनुभव को सभी के साथ साझा किया ।

# अखिल भारतीय किसान सभा आज मनाएंगे काला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय किसान सभा झारखंड इकाई ने युवा किसान की नृशंस हत्या और दर्जनों किसानों के घायल होने की कड़ी निंदा करती हैं।

23 फरवरी को पूरे भारत में काला दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। अखिल भारतीय किसान सभा ने हरियाणा पुलिस और केंद्रीय बलों द्वारा खनौरी और शंभू सीमाओं पर किसानों पर अभूतपूर्व और अकारण बल और उत्पीड़न की कड़ी निंदा करता है।

किसनसभा के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक एवम अजय सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा की एक युवा की जान चली गई, बल्लो गांव के चरणजीत सिंह के बेटे शुभकरण सिंह की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई और खनौरी और शंभू सीमा पर दर्जनों किसानों को चोटें आई हैं।

किसानों पर लाठीचार्ज, प्लास्टिक की गोलियों और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया गया है, जिनका कसूर सिर्फ इतना है कि वे देश की राजधानी पहुंचकर सरकार से मांग करना चाहते थे कि तीन कृषि कानून वापस लेने के वक्त किसानों से किए गए वादे पूरे किए जाएं जिसके आधार पर उन्होंने दिल्ली की सीमाओं से आंदोलन उठाया था।

# मुख्य सड़क पर पत्थरों के टुकड़े बिखरे हुए हैं, किसी को भी लग सकती है चोट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** टाटा रोड के कांटा टोली चौक से लोवाडीह पुल के पहले और यूनियन बैंक के ठीक अपोजिट में मुख्य सड़क के बीचों-बीच गड्ढा हो जाने से पानी बहता था, जिस कारण से कई छोटी बड़ी घटनाएं यहां पर होते रहती थी । इसको प्रभात मंत्र ने प्रमुखता से छापा तो यहां पर संबंधित विभाग द्वारा मरम्मती करा दी गई। उस गड्ढे पर बालू, डस्ट , पत्थर से भर दिया गया है। लेकिन समतल नहीं किया गया। जिस कारण से पत्थरों के टुकड़े वहां पर बिखरा पड़ा हुआ है। जब वाहन यहां पर से गुजरती है तो वाहन के चक्का पत्थर पर पड़ती है तो पत्थर छटकती है । ऐसा होने से आने जाने वाले किसी व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर सकती है। इन पत्थरों पर बूलडोजर चलाकर समतल कर सड़क बनाने की पहल होनी चाहिए थी लेकिन फिलहाल नहीं हुई है। यदि सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बड़ी घटना यहां पर हो सकती है । इसलिए पथ परिवहन विभाग , नगर निगम , जिला प्रशासन या इस सड़क से संबंधित विभाग को जल्द काम करना चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची ने ब्रेनोलॉजी साइंटिफिक एकेडमी ऑफ झारखंड के साथ एक समझौते पर किया हस्ताक्षर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के जंतु विभाग ने आइ क्यू ए सी अकादमिक सहयोग पहल के तहत ब्रेनोलॉजी साइंटिफिक अकैडमी ऑफ झारखंड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के छात्रों और शिक्षाविदों के लिए संयुक्त शैक्षणिक अनुसंधान, संयुक्त कार्यशालाओं और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए एक व्यापक साझेदारी की सुविधा प्रदान करना है।फादर डॉक्टर नाबोर लकड़ा, प्रिंसिपल, सैंट ज़ेवियर्स कॉलेज, डॉ भारती रायपत प्विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग,सेंट जेवियर्स कॉलेज और , ब्रेनोलॉजी साइंटिफिक एकेडमी से बीएसएजे के सचिव और संस्थापक निदेशक डॉली कृष्णन, अध्यक्ष - मोहित वर्मा, नें क्रमशः कॉलेज और संस्थान की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, प्रोफेसर डॉ. वेंकट अप्पा राव , डॉ. रितेश शुक्ला, डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, संस्थान के उप निदेशक आमोस टोपनो, प्रो मौली , एनी और छात्र भी उपस्थित थे। इस तरह के सहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रिंसिपल ने कहा, अच्छी तरह से योग्य पेशेवरों को विकसित करना शिक्षा और उद्योग दोनों की जिम्मेदारी है। यह सहयोग युवा शोधकर्ताओं को शिक्षाविदों को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों का विश्लेषण और मिलान करने के लिए आवश्यक कौशल सेट और योग्यता से लैस करने में मदद करेगा।डॉ. प्रिया श्रीवास्तव ने सेंट जेवियर्स कॉलेज के प्रिंसिपल फादर नाबोर लाकड़ा एसजे एवं वीभागाध्यक्ष डॉ भारती रायपत को धन्यवाद दिया और इस प्रयास का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की और बताया कि कैसे दोनों संस्थानों के बीच यह साझेदारी क्रॉस-संस्थागत से उत्पन्न होने वाले अवसरों का लाभ उठाने में काफी मदद करेगी। कार्यक्रम सैंट ज़ेवियर कॉलेज में संपन्न हुआ।

# अंजुमन हॉल में कुल्लियातूल बनात का तालीमी मुजाहिरा और इनामी प्रतियोगीता 25 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** कुल्लियातूल बनात परहेपाट रातु, रांची का तालीमी मुजाहिरा और इनामी प्रतियोगीता का आयोजन 25 फरवरी दिन रविवार को अंजुमन प्लाजा हॉल में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में मदरसा कुल्लियातूल बानात के निदेशक सह प्रिंसिपल मौलाना अब्दुल्लाह नदवी, मौलाना शरीफ अहसन मजहरी और मौलाना रिज़वान ने संयुक्त रुप से कही। मौलाना ने कहा कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अबू बकर सिद्दीकी कृषि और खान सचिव , झारखंड सरकार ,मोहम्मद अर्शी कमांडेट हजारीबाग होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहनवाज अहमद खान रिटायर्ड डिप्टी लेबर कमिश्नर एवं पूर्व सचिव बिहार राज्य मदरसा एजुकेशन बोर्ड करेंगें। उन्होंने कहा कि मदरसा पूरे रांची और झारखंड में लड़कियों का अकेला सबसे बड़ा मदरसा है। जहां प्रतिवर्ष लगभग 800 बच्ची शिक्षा ग्रहण करते है। जहां दीनी शिक्षा के साथ साथ झारखंड एकेडमिक कार्उंसिल से मैट्रिक देकर अपनी पढ़ाई पूरी कर रही है। जिसमे 650 लड़कियां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। मदरसा कुल्ल्यातुल बानात की लड़कियां अपनी साल भर की पढ़ाई का मुजाहिरा करेंगे। यह एदारा 25 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। तालीमी मुजाहिरा और इनामी प्रतियोगिता में शहर के कई दानिश्वर और उलेमा शामिल होंगे।

# दिव्यांगों का टूटा सब्र का बांध, थाली बजाकर किया विरोध प्रकट

**रांची** : झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के बैनर तले दिव्यांगजन राजभवन के पास अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। लेकिन उनकी मांगें अब तक पूरी नहीं हुई है, जिससे क्षुब्ध होकर दिव्यांगजन अपने आंदोलन को गति भी दे रहे हैं। वहीं धरने के 84वें दिन गुरुवार को दिव्यांगों का सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने थाली बजाकर प्रदर्शन किया और सरकार के प्रति अपना विरोध प्रकट किया। वहीं दिव्यांगजन प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर धरना स्थल से राजभवन और मुख्यमंत्री आवास को निकले, लेकिन उन्हें पुलिस-प्रशासन द्वारा उन्हें रोका गया।

# मुख्यमंत्री सोरेन को सीयूजे के कुलपति ने दीक्षांत समारोह में शामिल होने का दिया निमंत्रण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारी ज़ोर-शोर से चल रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केबी दास ने झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात कर उन्हें तृतीय दीक्षांत समारोह के आयोजन की जानकारी दी तथा समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया।

मुख्यमंत्री ने समारोह में शामिल होने का आश्वासन भी दिया। झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय 28 फरवरी को अपना तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के नये भवन के अन्तर्गत नवनिर्मित विशाल सभागार में होगा।

भवन एवं सभागार में समारोह संबंधी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति का कार्य तेजी से चल रहा है। एकेडेमिक काउंसिल, एक्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्यों, विशेष आमंत्रित अतिथियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं मीडिया कर्मियों के लिए निर्धारित स्थलों पर बैठने का इंतजाम कर लिया गया है।

व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन, अभियंताओं की टीम एवं विभिन्न समितियों के सदस्य तथा पूरा विश्वविद्यालय परिवार युद्धस्तर पर दिन-रात कार्य कर रहा है।

# जेएसएससी का फुल फॉर्म झामुमो सरकार के लिए सर्विसेस और कमिशन : अमित मंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक अमित मंडल ने गुरुवार को प्रदेश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में राज्य की युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी-जेएसएससी मुद्दों को लेकर भाजपा शुरू से ही युवाओं के हक-अधिकार को लेकर सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रही, लेकिन राज्य सरकार ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के ऊपर लाठीचार्ज करवाया। यहां तक कि संगीन धारा लगाकर एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि जेएसएससी का फुल फॉर्म झामुमो सरकार की सर्विसेस और कमिशन है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि राज्य सरकार में कई विरोधाभास देखने को मिलते हैं। नियुक्ति नियमावली, नियोजन नीति एवं भाषा का विवाद हो, वो राज्य के युवाओं से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक सरकार द्वारा युवाओं की आवाज को दबाने का एक सोचा समझा षड्यंत्र है। जो सरकार के घोटालों के खिलाफ बोलेगा वो जेल जायेगा। मंडल ने कहा कि 2019 में महाराष्ट्र के ठाणे में आरआरबी जेई पेपर लीक मामले में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई को दोषी माना गया था। 2017 को आर्डिनेंस फैक्ट्री त्रिची नियुक्ति घोटाले में सीबीआई ने सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड के नाम को सीबीआई चार्जशीट में डाला था। क्या कारण है कि लैब असिस्टेंट और जेएसएससी पीजीटी में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया था, जबकि लैब असिस्टेंट में छह प्रश्न और जेएसएससी पीजीटी में 22 प्रश्न को रद्द कर दिया था। इसी तरह जेएसएससी जेई की परीक्षा में बीआईएनएसवाईएस टेक्नोलॉजी एजेंसी शामिल थी, यह वही एजेंसी है जो बिहार में ब्लैक लिस्टेड है और बिहार राज्य सिपाही भर्ती घोटाले में शामिल है। जेपीएससी 7वीं से लेकर 10वीं की परीक्षा में आईसीएन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड शामिल था, ये वहीं एजेंसी है जो 2019 से बिहार में बैन है और उसपर एफआईआर किया गया था।

# रांची जिले के 25 सब इंस्पेक्टरों का तबादला संजीव कुमार बने खादगढ़ा टीओपी प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : गुरुवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रांची जिला के 25 अवर निरीक्षकों का तबादला कर दिया है। खादगढ़ा टीओपी प्रभारी अवर निरीक्षक संजीव कुमार को बनाया गया है। यह तबादला लोकसभा चुनाव से पहले की गई है। इसमें तीन सब इंस्पेक्टर की पोस्टिंग की है। इसको लेकर एसएसपी कार्यालय की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है।

**इनका हुआ तबादला :** महेश मुंडा को एसटी एससी थाना, पिंकी कुमारी साव महिला थाना, रामेश्वर उपाध्याय पंडरा ओपी, चंद्रशेखर सिंह खेलगांव थाना, रोशन कुमार सिंह बीआईटी मेसरा, कश्यप गौतम को एअरपोर्ट थाना में नियुक्त किया गया है, मोहित कुमार सिल्ली थाना, कुंदन कुमार मुरी ओपी, दीपक कुमार सिन्हा सिकिदरी थाना, गौतम कुमार राय पिठोरिया थाना, चंदन कुमार सोनाहातू थाना, फैज रवानी राहे ओपी, राहुल को मांडर थाना, अजीम अंसारी को चान्हो थाना, विनित कुमार को ठाकुरगांव थाना, संतोष कुमार यादव को लापुंग थाना, देव प्रताप धान को नारकोपी थाना, गोविंद कुमार को मैक्लुस्कीगंज थाना, संजीव कुमार को खादगढ़ा टीओपी, अजय कुमार को दलादली टीओपी, प्रदीप कुमार राय को विधानसभा थाना और अभिषेक राय को नगड़ी थाना का कार्यकारी थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा सब इंस्पेक्टर चमरा मिंज को अनगड़ा थाना, शंकर राम और लक्ष्मण पूर्ति को खेलारी थाना, अभय कुमार को चुनाव कोषांग में पदस्थापित किया गया है।

## गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने जमशेदपुर में सिटी राइड्स शोरूम का उद्घाटन कर अपनी पहुंच बढ़ाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर्स और 3-व्हीलर्स की इबलु रेंज का निर्माण करने वाली प्रमुख कंपनी गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने जमशेदपुर में सिटी राइड्स शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। सिटी इन होटल्स, एनएच-33, पारडीह चौक मान्गो में स्थित यह अत्याधुनिक सुविधा पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों के खुदरा व्यापार का अनुभव बदलने के लिये तैयार है। प्रतिष्ठित पंडित लक्ष्मीशरण मिश्रा (वास्तुशास्त्री) ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शोरूम के उद्घाटन पर गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ हैदर खान ने कहा, 'सिटी राइड्स का लॉन्च होना हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम संवहनीय यातायात को बढ़ावा देने के मिशन पर हैं। हम अपने अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों को जमशेदपुर के लोगों के करीब पहुँचाने के लिये सिटी राइड्स के साथ भागीदारी करने पर खुश हैं। सिटी राइड्स के मालिक बिनोद सिंह ने इसी भावना पर जोर देते हुए कहा, 'हम बड़े ही गर्व से सिटी राइड्स को जमशेदपुर में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधानों के नये गंतव्य के तौर पर पेश कर रहे हैं। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के साथ हमारी भागीदारी ग्राहकों को आला दर्जे के उत्पाद एवं सेवा प्रदान करने के लिये हमारा समर्पण दिखाती है। प्रतिष्ठित पंडित लक्ष्मीशरण मिश्रा (वास्तुशास्त्री) ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।




## न्युवोको विस्टास का पटना में रेडी-मिक्स प्लांट लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट ग्रुप ने पटना में अपने दूसरे अत्याधुनिक रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट (आरएमएक्स) के उद्घाटन के साथ अपने आरएमएक्स नेटवर्क का विस्तार किया है। रानीपुर मिल्की चक, बेगमपुर, बाईपास पर रणनीतिक रूप से स्थित, यह प्लांट पटना क्षेत्र में हाई क्वालिटी निर्माण सामग्री प्रदान करने के लिए न्युवोको की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




## गैलेक्सी एआई का इस्तेमाल करने हेतु सैमसंग की नई पहल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोबाइल एआई के लोकतंत्रीकरण को और अधिक विस्तार देते हुए, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज नए वन यूआई 6.1 अपडेट के माध्यम से और अधिक गैलेक्सी डिवाइसेस पर भी गैलेक्सी एआई फीचर्स उपलब्ध कराने की घोषणा की है। ये अपडेट गैलेक्सी एस23 सीरीज एस23 एफई, जेड फोल्ड5, जेडफिल्पि5 और टेबएस9 सीरीज में उपलब्ध होंगे, जिसकी शुरुआत मार्च के अंत से होगी। हाल ही में लॉन्च की गई गैलेक्सी एस24 सीरीज की तरह, यह अपडेट एक हाइब्रिड अप्रोच के माध्यम से यूजर्स के मोबाइल एआई अनुभव को नई ऊंचाई पर ले जाता है, जो ऑन-डिवाइस और क्लाउड-आधारित एआई को साथ जोड़ता है।



## गर्मी से पहले दुरुस्त होगी विद्युतापूर्ति व्यवस्था : जेई



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा, बोड़ाम एवं काटिन सबस्टेशन अंतर्गत सभी लाइनों को गर्मी से पहले दुरुस्त किया जाएगा ताकि गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। यह बातें गुरुवार को पटमदा के कनीय विद्युत अभियंता अमीर हमजा ने कहीं। उन्होंने यह जानकारी बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत भादूडीह के पास 33 हजार का तार बदलने के दौरान **प्रभात मंत्र** से विशेष बातचीत में दी। उन्होंने कहा कि वर्षों पुरानी सभी जर्जर हाईटेंशन तार एवं खंभों को बदलने का काम पिछले कई माह से जारी है और बहुत जल्द इस मेंटेनेस काम को पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में इस वर्ष गर्मी में बेहतर आपूर्ति मिल सकेगी।

## भाजपा कार्यकर्ता भीम माझी के निधन पर शोक की लहर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के धाधकीडीह निवासी भाजपा कार्यकर्ता भीम माझी का गुरुवार को अपने घर पर ही 65 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कई माह पूर्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा के दौरान पार्टी में शामिल हुए थे। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके असमायिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। भाजपा के किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भीम बाबू सामाजिक व्यक्ति थे उनके निधन से पार्टी परिवार को अपूर्णीय क्षति हुई है।



## भाजपा ने स्व हरमोहन दास को दी श्रद्धांजलि



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं पारंपरिक संस्कृतिक घाट पाठ के मुख्य भोक्ता हरमोहन दास की विगत दिनों हुए आकस्मिक निधन पर भाजपा नगर कमेटी द्वारा एक शोक सभा किया गया। मौके पर उपस्थित भाजपा पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु एक मिनट का मौन रखा और उनके श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली, भाजपा नगर अध्यक्ष बद्री दरोगा, राजकुमार सिंह, बीजू दत्त, ललन सिंह, सुमित चौधरी, कृष्णा राणा, विकास दरोगा, गणेश महंती, मनोज महतो, अमूल्य नायक, देवराज सारंगी एवं राज पटनायक सहित अन्य भाजपाई उपस्थित थे।

## बोल बम कांवरिया संग देवघर रवाना

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिथिला विकास मंच के बैनर तले बोलबम कांवरिया संघ का एक दल गंगाजल लाने गुरुवार को सुल्तानगंज के लिए रवाना हुआ। उक्त कांवरिया दल द्वारा सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर देवघर जाकर बाबा को अर्पित करेंगें और उसी गंगाजल को लाकर नवरात्रि के अवसर पर छोटा गम्हरिया स्थित दुर्गापूजा मैदान में आयोजित सवा लाख महादेव पूजन में शिवलिंग निर्माण में प्रयोग करेंगे। विदित है कि प्रतिवर्ष शिवरात्रि के मौके पर यहां सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजनोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमे सुल्तानगंज की मिट्टी और देवघर के गंगाजल का ही प्रयोग किया जाता है। इस मौके पर मिथिला विकास मंच के संरक्षक सह अध्यक्ष फुलकान्त झा, शिबेन्दू झा, दिलीप चौधरी, विजय कुमार राय, अश्वनी झा, मनोज चौधरी, सदानंद झा, प्रभाष चंद्र झा, दादा भाई, आनंद झा, कृष्णा झा, रामदुलारी देवी, किशन झा आदि उपस्थित थे।

# सरायकेला जिला नियोजनालय में आयोजित रोजगार मेले में 235 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर, सरायकेला-खरसावां के तत्वावधान में गुरुवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि रोजगार मेला में रामकृष्ण फोर्जिंगस लिमिटिड, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज, बीके स्टील, ब्रेक्स इंडिया, सिंघानिया फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड, एलआईसी ऑफ़ इंडिया, युवा शक्ति फाउंडेशन, छवि कंस्ट्रक्शन, देलहीवेरी प्राइवेट लिमिटेड, यूनिवर्सल कंस्ट्रक्शन, श्री राम ऑटोमोबाइल्स एवं इंवॉल्यूट स्किल अकैडमी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से पंप ऑपरेटर, अमोनिया गैस यूनिट ऑपरेटर, इंजीनियरिंग ट्रेनी, एचआर ट्रेनी, क्वालिटी इंस्पेक्टर, ऐस्टीमेशन इंजीनियर, सीएनसी मेंटिनेस मैनेजर, सर्विस एडवाइजर, बॉडी शॉप एडवाइजर, पार्ट्स मैनेजर, वारंटी इंचार्ज, सेल्स कंसलटेंट, सीनियर अकाउंटेंट, इंश्योरेंस एडवाइजर, वेल्डर, गैस कटर, इलेक्ट्रीशियन, सेफ्टी ऑफिसर, रेगुलर फील्ड एग्जीक्यूटिव, कारपेंटर, टेक्नीशियन, बैक ऑफिस एग्जीक्यूटिव एवं मोबिलाइजेशन मैनेजर सहित विभिन्न पदों पर सरायकेला-खरसावां, चाईबासा एवं जमशेदपुर में नियुक्त करने हेतु 235 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। नियुक्तियों में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन किया गया। उन्होंने बताया जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर के सौजन्य से नियमित रूप से रोजगार शिविर एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है।



## बस्ती की महिलाओं ने अंसार के नेतृत्व में मानगो नगर निगम में सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला उपाध्याय सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में आज बस्ती के महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल मानगो नगर निगम के उपायुक्त सुरेश यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा।अंसार खान ने सुरेश यादव को बताया जवाहर नगर रोड नंबर 14 बी रिजवान अकादमी के पीछे अभी तक नाली नहीं बना है। जिसके कारण गंदा पानी रोड पर बेहकर दूसरों के घरों में तक पहुंच जाता है। पानी को लेकर हमेशा बस्ती में मारपीट होती रहती है। मारपीट का मामला दो बार मानगो थाना में भी पहुंचा है। सुरेश यादव ने चेक करके अंसार खान को बताया रोड का इंस्ट्रूमेंट बन गया है। जल्द से जल्द नाली का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। आज प्रतिनिधिमंडल .म, मोहम्मद अली, मोहम्मद आदिल खान, समाजसेवी राजाराम पंडित मौजूद थे।

## विद्युत सब स्टेशन से टीना शेड चोरी करते युवक को ग्रामीणों ने दबोचा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत धातकीडीह में बन रहे 132/33केवी विद्युत ग्रिड सब स्टेशन से टीना का शेड चोरी कर ले जाते एक युवक को ग्रामीणों ने धर दबोचा। बताया गया है कि एक युवक को टीना का शेड ले जाते देखकर ग्रामीणों को शक हुआ। तत्पश्चात उन्होंने युवक को रोककर पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम लाल लोहार और पिंड्राबेड़ा निवासी बताया। उसने पावर ग्रिड से चोरी कर उसे ले जाने की बात बताई। इसके बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और इसकी सूचना कांड्रा थाना को दी। सूचना पाकर कांड्रा थाना के एएसआई गिरिजेश शर्मा दलबल के साथ पर पहुंचे और चोर को गिरफ्तार कर कांड्रा थाना ले आई।

# धारागिरी डायनोमोज व कॉपर धमाल टेनिस बॉल क्रिकेट के फाइनल में





**मीडिया कप क्रिकेट 2024**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट 2024 के टेनिस बॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में धारागिरी डायनोमोज और कॉपर धमाल ने अपने अपने मैच जीतकर फाइनल में जगह पक्का कर लिया। धारागिरी ने रंकिनी रॉकर्स को 7 विकेट से और कॉपर धमाल ने हाथीखेदा हेवीवेट्स को 9 विकेट से हराया। इससे पूर्व महिला पत्रकारों और टाटा स्टील महिला टीम के बीच प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। आर्मरी ग्राउंड में खेले गए पहले सेमीफाइनल में टॉस जीत कर धारागिरी ने क्षेत्र रक्षण का निर्णय लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए रंकिनी रॉकर्स ने निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट पर 78 रन बनाए। इसमें मुरली ने नाबाद 27 और अनिमेष सेनगुप्ता ने 19 रन बनाए। शेष खिलाड़ी दहाई अंको तक भी नहीं पहुंच पाए। कप्तान विजेंद्र और रफीक ने दो दो विकेट झटके। जवाबी पारी में मैन ऑफ द मैच अंकित की शानदार 40 रनों की बदौलत धारागिरी डायनोमोज ने 7.5 ओवर में ही 80 रन बनाकर मैच जीत लिया। रंकिनी की ओर से नीरज, अरुण और अनिमेष ने एक एक विकेट लिया।मैन ऑफ द मैच अंकित को सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी और क्लब के महासचिव अंजनी पांडे ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे सेमीफाइनल में उम्मीद के विपरीत हाथीखेदा हेविवेट्स को कॉपर धमाल के हाथो करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। पहले बल्लेबाजी करते हुए हाथीखेडा की टीम 11.5 ओवर में 57 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आदित्य 15 और शशिभूषण 13 के अलावा कोई बल्लेबाज क्रीज पर टिक नहीं पाया। कन्हाई राम हेंब्रम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। जवाबी पारी में कॉपर धमाल ने 7.2 ओवर में ही रूपेश दुबे (28) का एक विकेट गवाकर मैच जीत लिया। गणेश और मन्तोष ने नाबाद 13-13 रन जोड़े। शशि ने कॉपर का एकमात्र विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच कन्हाई को चयनकर्ता जयेश ठाकर और विनय पूर्ति ने पुरस्कृत किया। अब टेनिस का फाइनल मैच दोनो विजेता टीमों के बीच कीनन स्टेडियम में 6 मार्च को होगा।

### महिलाओं ने भी आजमाए हाथ

मीडिया एकादश बनाम टाटा स्टील महिला एकादश के प्रदर्शनी मैच में टाटा स्टील ने जीत हासिल की। यमुना को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। आयोजन में डीएवी बिस्तुपुर की प्राचार्य प्रज्ञा सिंह, करीम सिटी कॉलेज मास कॉम विभाग प्रमुख डा नेहा तिवारी, सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी, आरएसबी की जया सिंह मौजूद थी।



# कृष्ण-रुक्मणि विवाह की झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालुओं ने गाए मंगल गीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भुइयाडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के छठवें दिन गुरूवार को कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज ने श्री कृष्ण-रूकमणी विवाह, रास पंचांग अध्याय, गोपी उद्धव संवाद कथा का सुंदर वर्णन किया। कथाव्यास की वाणी से कृष्ण-रूकमणी विवाह, का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कृष्ण-रूकमणी विवाह की सुन्दर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा वाचक ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। गुरूवार को मुख्य याज़मान गोविन्द राम सरोज और सुनीता सरोज थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीराम सरोज अधिवक्ता, हरिओम सरोज, आकाश पाठक, मनोज शर्मा, विकाश शर्मा, संजय ठाकुर, रामेश्वर सिंह, विक्रम ठाकुर, अमृता अग्रवाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।



# एसएसप्लस 2 उच्च विद्यालय पटमदा में विशेष शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में गुरुवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधान अध्यापक मिथिलेश कुमार द्वारा अभिभावकों को संगोष्ठी का उद्देश्य बताया गया। इसके बाद बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज के उपस्थिति में प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों,अभिभावक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मतदाता शपथ लेकर मतदान करने हेतु संकल्प लिया गया। इस दौरान इएलसी के नोडल शिक्षक कौशलेंद्र कुमार सिंह द्वारा अभिभावकों के बीच क्विज का आयोजन किया गया। सही उत्तर देने पर अभिभावकों को पुरस्कृत भी किया गया। शिक्षक श्रीमंत के नेतृत्व में प्रोजेक्ट परख के अंतर्गत पूरे वर्ष भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइलेरिया रोग के बारे में श्रीमती डोली ने बच्चों को जानकारी दीं। साथ शिक्षक राशिद के सहयोग से दवा वितरण व शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



# वृद्धा पेंशन योजना के आखिरी दिन आवेदकों की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के पंचायत भवनों में लगा तीन दिवसीय पेंशन शिविर आज सम्पन्न हुआ। झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना में 50 से 60 वर्ष के उम्र महिलाओं और पुरुषों के लिए सरकार द्वारा वृद्धा पैंशन दिया जा रहा है। इस दौरान चिल्गू पंचायत भवन में 119 आवेदन प्राप्त हुआ। 20 फरवरी से चल रहे आखरी दिन भी चांडिल अनुमंडल के हरेक पंचायत के शिविर में आवेदक अपना आवेदन जमा किया। वही पेंशन आवेदकों ने इस योजना के लिए झारखण्ड सरकार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर चिल्गू पंचायत के मुखिया करुणा सिंह, सचिव हरि लाल राम, पंचायत सचिवालय सयंम सेवक मधु सुधन महतो एवं उप मुखिया आदि आदि उपस्थित थे।

# पलाशबनी पंचायत में 24 को लगेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर, डीडीसी ने लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झालसा के तत्वाधान में जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 24 फरवरी को जमशेदपुर सदर प्रखंड के पलाशबनी पंचायत में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज उप विकास आयुक्त मनीष कुमार द्वारा कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री राजीव रंजन समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे । निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने मंच निर्माण की तैयारी, विभिन्न स्टॉल के निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आदिम जनजाति समूह को लक्षित कर यह शिविर आयोजित किया जा रहा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लोगों को योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा।



## पटमदा में गंगा मेमोरियल अस्पताल का निःशुल्क चिकित्सा शिविर 25 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** गंगा मेमोरियल अस्पताल, डिमना रोड संकोसाई की ओर से 25 फरवरी को पटमदा के डाकबंगला परिसर में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए पटमदा के सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो ने बताया कि सांसद विद्युत वरण महतो की पहल पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश से शिविर आयोजित की जा रही है जिसमें एक साथ कई विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच की जाएगी। इस दौरान ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं ब्लड ग्रुपिंग की जांच भी होगी।

# करीम सिटी कॉलेज में वी द पोएट कविता प्रतियोगिता आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर (स्पार्क) द्वारा आज वी द पोएट (वार्षिक कविता प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया था। यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें छात्र-छात्राएं स्वरचित गजल, नजम तथा कविताएं प्रस्तुत करते हैं। यह प्रतियोगिता 3 श्रेणियों अंग्रेजी, उर्दू और हिंदी में आयोजित हुई जिसमें 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंग्रेजी श्रेणी के निर्णायक डॉ. बसुधरा रॉय, उर्दू श्रेणी के निर्णायक डॉ. मोहम्मद तुफैल अहमद और हिंदी श्रेणी के निर्णायक डॉ. सुभाष चंद्रगुप्त थे। प्रशंसा का प्रतीक डॉ. एस एम याहिया इब्राहीम द्वारा सभी निर्णायकों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभा को संबोधित करते हुए प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि वास्तव में भाषा तो बातचीत का माध्यम है परंतु सुंदर भाषा और शैली में जब भावनाएं व्यक्त होती हैं तो शायरी बन जाती हैं। बधाई के पात्र हैं हमारे विद्यार्थी जिन्होंने शायरी के बेहतरीन नमूने पेश किए। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंग्रेजी श्रेणी में पहला पुरस्कार शिउली पालित, दूसरा अनम रिज़वान और यशराज सोना, हिंदी श्रेणी में पहला पुरस्कार तानिया पारकर, दूसरा पुरस्कार ऋतुपर्णा महतो और उर्दू श्रेणी में प्रथम मो.सैफ अली अंसारी, द्वितीय सफदर हारून विजेता रहें। मंच का संचालन लाईबा कामरान, मुस्कान कुमारी और ज़ैनब आफरीन ने किया। कार्यक्रम में कलमकार के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन शाहदेव महतो ने किया।



## मंदिर में चोरी करने घुसे चोर रोहित मुखी को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत शीतला माता मंदिर परिसर में चोरी करने घुसे चोर को स्थानीय लोगों ने धर दबोचा. हालांकि इस दौरान चोर का एक साथी भागने में सफल रहा. स्थानीय लोगों ने चोर को पकड़ने के बाद उसे बिजली के खंभे से बांध दिया. स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को अपने साथ थाना ले गई जहां उससे पूछताछ की जा रही है. चोर का नाम रोहित मुखी बताया जा रहा है, वह बिरसानगर का रहने वाला है. जानकारी देते हुए समाजसेवी कमलेश ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ शीतला माता मंदिर के पास स्थित भाजपा कार्यालय में बैठे थे. तभी मंदिर के अंदर से दो चोर चोरी करते भाग रहे थे. उन्होंने साथियों के साथ चोर को धर दबोचा. चोर मंदिर में लगी मां की मूर्ति से चांदी के जेवर और मंदिर के दान पेटी को चुराकर भाग रहे थे.



संपादकीय

# बहस के मजमून बहुत हैं

**बजट** के मजमून अब विपक्ष की कचहरी में गूंजने लगे, तो प्रदेश की चिंताएं समझी जानी चाहिएं। हालांकि बजट ने जनप्रतिनिधियों की खुशामद में वार्ड पंच से जिला परिषद तक सदस्यों के मानदेय को बढ़ा दिया या विधायक प्राथमिकता निधि को सींच दिया, लेकिन विपक्ष के पास पूछने और आपत्ति लगाने के लिए मजमून बहुत हैं। कुछ प्रश्नों की तासीर में महज विरोध है, तो कहीं जानकारियों के गुंबद तक गूंज पहुंच रही है। उदाहरण के लिए नाचन के विधायक ने सरकार से यह जानकारी ले ली कि प्रदेश में वैट लीजिंग पर 18 वोल्वो बसें आज भी चल रही हैं, लेकिन इनसे जुड़े कई सवाल अभी बाकी हैं। वैट लीजिंग के आधार पर गुणवत्ता के प्रश्न अगर पूछे जाएं तो वोल्वो बस सेवाओं का नाम बदनाम हो रहा है। पर्यटक स्थलों या एयरपोर्ट के लिए चल रहीं ऐसी बसों का हुलिया क्यों यात्री को निराश कर रहा है। प्रदेश में निजी वोल्वो सेवाओं के आगे एचआरटीसी क्यों हार रही, इसका भी तो जवाब चाहिए। बजट सत्र के माध्यम से हम प्रदेश, प्रदेश की प्राथमिकताएं, सत्ता-विपक्ष के द्वंद्व, सत्ता के विभिन्न पहलू और इनमें चमकते विधानसभा क्षेत्रों के इरादे देख सकते हैं। बहस से नीतियों के आगोश में बैठे सपने और सपनों का प्रदेश दिखाई देता है। ऐसे ही एक प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जब बताते हैं कि सुजानपुर के कालेज में पीजी कक्षाएं शुरू हो जाएंगी, तो सवाल यह कि मटौर या लंज के कालेज में क्यों नहीं। हम हर कालेज को पोस्ट ग्रेजुएट बना देंगे, लेकिन छात्र को अध्ययन के कक्ष में शायद ही स्तरोन्नत कर पाएंगे। हिमाचल में विश्वविद्यालयों, मेडिकल कालेजों और इंजीनियरिंग कालेजों की बाढ़ के बावजूद हमने हासिल क्या किया। एक प्रदेश जिसकी प्रति व्यक्ति आय देश की औसत से ऊपर और जो देश के प्रमुख राज्यों की कतार में कतई गरीब प्रांत नहीं है, लेकिन सरकार के आचरण में हम गरीबी का कालीन बिछाकर सरकारी धन से दस्तकारी कर रहे हैं। हैरानी यह कि पक्ष और विपक्ष के बीच गारंटियों की तकरार पर प्रदेश का भविष्य देखा जा रहा है, जबकि आत्मनिर्भरता के सवाल पर यह क्यों न पूछा जाए कि इस दरियादिली की जरूरत क्या है। महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए देने की गारंटी पूरी की जाए या हिमकेयर के भुगतान को बजट तुरंत पूरा करे। प्रदेश की प्राथमिकताओं में कब पक्ष-विपक्ष के सुर एक होंगे। बेशक हर विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र के हित में प्रश्न पूछने होंगे, लेकिन प्रदेश के सवालों का नेतृत्व कौन करेगा। आपदा ने पिछले बजट के कई तहखानों में सिर छुपाने की कोशिश की, लेकिन वहां राज्य के वित्तीय आचरण में इसके लिए कोई जगह नहीं थी। आज भी एफसीए केसों में हमारा विकास फंसा है, लेकिन राजनीतिक कारणों से कभी यह सोचा ही नहीं गया कि पर्यावरण एवं वन संरक्षण कानून के नाम पर प्रदेश से हो रही ज्यादतियों के लिए क्या करें। इस दौरान हिमाचल के हक अगर आज केवल कांग्रेस की थाली में गिने जाएं, तो कल भाजपा की अमानत भी हो सकते हैं। कभी तो विधानसभा की बहस केंद्र से उलझे हिमाचल के मामलात पर एकजुटता से आगे बढने के मतैक्य में ढूंढा जाए। बेशक विपक्ष ठेकेदारों की पेमेंट पर संजीदा होकर सरकार से पूछ रहा है, लेकिन सरकारी निर्माण की गुणवत्ता पर कब दोनों पक्ष गंभीरता से विचार करेंगे। दरअसल प्रदेश की प्रगति में कई माफियाओं के घर बन रहे हैं। एक नया समुदाय हिमाचल की आन, बान, शान का प्रतीक हो रहा है। इसमें सफल राजनीतिज्ञ, नौकरशाह और सरकार के कारिंदे हर सत्ता में पैदा हो रहे हैं। आज भी हिमाचल की आय का छबील लोगों को शराब पिला रहा है और इसी की वजह से मिल्क सैस 90 करोड़ की उगाही कर रहा है। कब हमारे बजट की अदालत में स्वावलंबन का पक्ष सिद्ध होगा।

> बजट ने जनप्रतिनिधियों की खुशामद में वार्ड पंच से जिला परिषद तक सदस्यों के मानदेय को बढ़ा दिया या विधायक प्राथमिकता निधि को सींच दिया, लेकिन विपक्ष के पास पूछने और आपत्ति लगाने के लिए मजमून बहुत हैं। कुछ प्रश्नों की तासीर में महज विरोध है, तो कहीं जानकारियों के गुंबद तक गूंज पहुंच रही है। उदाहरण के लिए नाचन के विधायक ने सरकार से यह जानकारी ले ली कि प्रदेश में वैट लीजिंग पर 18 वोल्वो बसें आज भी चल रही हैं, लेकिन इनसे जुड़े कई सवाल अभी बाकी हैं। वैट लीजिंग के आधार पर गुणवत्ता के प्रश्न अगर पूछे जाएं तो वोल्वो बस सेवाओं का नाम बदनाम हो रहा है। पर्यटक स्थलों या एयरपोर्ट के लिए चल रहीं ऐसी बसों का हुलिया क्यों यात्री को निराश कर रहा है। प्रदेश में निजी वोल्वो सेवाओं के आगे एचआरटीसी क्यों हार रही, इसका भी तो जवाब चाहिए। बजट सत्र के माध्यम से हम प्रदेश, प्रदेश की प्राथमिकताएं, सत्ता-विपक्ष के द्वंद्व, सत्ता के विभिन्न पहलू और इनमें चमकते विधानसभा क्षेत्रों के इरादे देख सकते हैं। बहस से नीतियों के आगोश में बैठे सपने और सपनों का प्रदेश दिखाई देता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 फरवरी 2019 को विश्व दाल दिवस के रूप में मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था

# स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से दालों का महत्व

ललित गर्ग

> शाकाहारी जीवनशैली के लिए तो दालें ही प्रोटीन का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं। कम वसा वाले और कम सोडियम वाले इस ऑप्शन को डाइट में शामिल कर न केवल असाध्य बीमारियों से लड़ा जा सकता है बल्कि जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण के संकट से भी बचा जा सकता है। इस साल 2024 में विश्व दलहन दिवस की थीम "दालें : पौष्टिक मिट्टी और लोगों" रखी गई है। इस थीम का मतलब स्वस्थ मिट्टी और स्वस्थ लोगों की कुंजी के रूप में दालों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

**पर्यावरण** संरक्षण, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास एवं खाद्य सुरक्षा को प्रोत्साहन देने के लिये हर साल 10 फरवरी का दिन दुनियाभर में विश्व दलहन दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसका मकसद लोगों को दालों के फायदे और महत्व के बारे में बताना होता है। दालें, जिनमें दाल, छोले, बीन्स और मटर शामिल हैं, जो प्रोटीन से लेकर फाइबर, आयरन जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों के साथ विटामिन्स और मिनरल्स का भी खजाना होती हैं। दालें सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में भी खानपान का जरूरी हिस्सा हैं। शाकाहारी जीवनशैली के लिए तो दालें ही प्रोटीन का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं। कम वसा वाले और कम सोडियम वाले इस ऑप्शन को डाइट में शामिल कर न केवल असाध्य बीमारियों से लड़ा जा सकता है बल्कि जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण के संकट से भी बचा जा सकता है। इस साल 2024 में विश्व दलहन दिवस की थीम "दालें: पौष्टिक मिट्टी और लोगों" रखी गई है। इस थीम का मतलब स्वस्थ मिट्टी और स्वस्थ लोगों की कुंजी के रूप में दालों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व स्तर पर दलहन की उपयोगिता एवं प्रासंगिता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 20 दिसंबर 2013 को अंतर्राष्ट्रीय दलहन दिवस मानने का निर्णय लिया गया, जो पहली बार साल 2016 में मनाया गया था। बाद में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 फरवरी 2019 को विश्व दाल दिवस के रूप में मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था। संयुक्त राष्ट्र संघ के सामने इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दालों का उत्पादन बढ़ाकर दुनिया में गरीब कुपोषित देशों को पोषक तत्वों से भरपूर खाना उपलब्ध करवाना था क्योंकि दालों में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। दालें न केवल पोषक हैं, वे विश्व की भूख और गरीबी को मिटाने की दिशा में स्थायी खाद्य प्रणालियों के विकास में भी योगभूत हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यह सतत विकास के लिए अपने 2030 एजेंडा को हासिल करने के लिए एक प्रभावी रणनीति है, जिसका उद्देश्य वैश्विक शांति को मजबूत करना और खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना है। मांसाहार पर्यावरण के सम्मुख एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है, क्योंकि एक किलो दाल के उत्पादन के लिए 1250 लीटर पानी की जरूरत होती है, जबकि एक किलो बीफ के लिए 13,000 लीटर की जरूरत होती है। देश-विदेश में भी दालों का प्रचलन एवं



महत्व कम नहीं है, लेकिन परम्परागत भारतीय भोजन में पौष्टिकता के कारण दालों का विशेष महत्व है। 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही नरेंद्र मोदी ने दलहन क्रांति की कवायद शुरू कर दी। सरकार ने दालों के घरेलू उत्पादन बढ़ाने के उपाय सुझाने हेतु सुब्रमण्यम समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लंबे समय से भारतीय खेती में अन्य अनाजों की तुलना में दालों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता रहा है। महंगी दालों ने आम आदमी की थाली से दाल को तकरीबन दूर ही कर दिया था, लेकिन मोदी की कोशिशों से अब आम आदमी की थाली में दालें भरपूर मात्रा आ गई हैं। मोदी सरकार द्वारा दलहनी फसलों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के प्रयासों का ही नतीजा है कि 2015-16 में जहां 163 लाख टन दालों का उत्पादन हुआ था, वहीं दो साल बाद 2017-18 में यह बढ़कर 239.5 लाख टन हो गया। इससे दालों का आयात तेजी से कम हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दालों के महत्व को देखते हुए इसके उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिये अभियान चला रखा है। 'दाल रोटी खाओ-प्रभु के गुण गाओ' लोकोक्ति से स्पष्ट है कि दालें सम्पूर्ण भोजन के रूप में हमारी जीवन संस्कृति एवं समृद्ध खानपान में शामिल रही हैं। इतना ही नहीं, देश के अलग-अलग भू-भागों में दालों की विभिन्नताओं के साथ-साथ उनके उपयोग की भी विशिष्ट प्रकृति रही है। जबकि भारतीय खेती की बदहाली की एक बड़ी वजह एकांगी कृषि विकास नीतियां रही हैं। वोट बैंक की राजनीति के कारण सरकारों ने गेहूं, धान, गन्ना, कपास जैसी चुनिंदा फसलों के अलावा दूसरी फसलों पर ध्यान ही नहीं दिया। इसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव दलहनी व तिलहनी फसलों पर पड़ा। घरेलू उत्पादन में बढ़ोत्तरी न होने का नतीजा यह हुआ कि दालों व खाद्य तेल का आयात तेजी से बढ़ा। दाले भारतीय भोजन की थाली का सौन्दर्य एवं स्वाद रही है। न केवल भारत बल्कि दुनिया भर की सांस्कृतिक परंपराओं और व्यंजनों में दालें गहराई से अंतर्निहित हैं। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उड़द व छोले, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार व बंगाल में अरहर तथा महाराष्ट्र एवं दक्षिणी राज्यों में मसूर दाल का इस्तेमाल विभिन्न व्यंजनों में किया जाता है। दालों का उपयोग विभिन्न रूपों में समूचे देश में होता है। देश भर में उत्पादित होने वाली दालों में 44.51 फीसदी हिस्सा चने का है। वहीं अरहर 16.84 प्रतिशत, उड़द 14.1 प्रतिशत, मूंग 7.96 प्रतिशत, मसूर 6.38 प्रतिशत तथा शेष दालों की 10.18 फीसदी पैदावार होती है। इसके बावजूद हमारे आहार में दालों की उपलब्धता कम होना विचारणीय है। पर्यावरणीय लाभों की दृष्टि से दालों की पैदावार एवं उपयोग आधुनिक खानपान का मुख्य हिस्सा होना चाहिए। क्योंकि दालों के नाइट्रोजन-स्थिरीकरण गुण मिट्टी की उर्वरता में सुधार करते हैं, जो खेत की उत्पादकता को बढ़ाते हैं। इंटरक्रॉपिंग और कवर फसलों के लिए दालों का उपयोग करके, हानिकारक कीटों और बीमारियों को दूर रखते हुए, किसान खेत और मिट्टी की जैव विविधता को भी बढ़ावा दे सकते हैं। इसके अलावा, मिट्टी में कृत्रिम रूप से नाइट्रोजन डालने के लिए उपयोग किए जाने वाले सिंथेटिक उर्वरकों पर निर्भरता को कम करके दालें जलवायु परिवर्तन शमन में योगदान दे सकती हैं। क्योंकि इन उर्वरकों के प्रयोग के दौरान ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं और इनका अत्यधिक उपयोग पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकता है। दालें स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित है। दालों में फाइबर, विटामिन एवं सूक्ष्म तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। वसा कम होने के कारण ग्लूटेन मुक्त तो हैं ही इनमें आयरन की अधिक मात्रा भी होती है। इसीलिए विभिन्न रोगियों, हृदय व शुगर के मरीजों को भोजन में दालों को शामिल करने की अनुशंसा की जाती है। शाकाहारी भोजन में दालें प्रोटीन का मुख्य स्रोत हैं। प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिजों से भरपूर, उल्लेखनीय पोषण प्रोफ़ाइल के बावजूद दालों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। बदलते दौर में खास तौर से बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन के दौर में युवा पीढ़ी को संतुलित भोजन तथा खान-पान में दालों के महत्त्व को समझाया जाना चाहिए।

दृष्टि कोण

# अमीन सयानी ने मनोरंजन की दुनिया में रेडियो का मधुर व्याकरण रचा

**अमीन** सयानी यानी आवाज की दुनिया के सुपर स्टार। बचपन में जब अमीन सयानी का हर दिल अजीज कार्यक्रम 'बिनाका गीतमाला' सुनते तो लगता था कि यह आवाज किसी दूसरी दुनिया से आती है। ऐसी आवाज जो मानो रेडियो के लिए ही बनी है और रेडियो अमीन सयानी के लिए। कल के रेडियो उद्‌घोषक और आज के रेडियो जॉकी अमीन सयानी की जानदार आवाज और अदायगी को के प्रति श्रोताओं की जबर्दस्त दीवानगी को शायद ही समझ पाएं। वो जमाना था जब बड़े-बड़े फिल्म स्टार भी अमीन सयानी से मिलने को बेताब हुआ करते थे। दरअसल अमीन सयानी ने आजाद भारत में मनोरंजन की दुनिया में रेडियो एक नया और मधुर व्याकरण रचा। शुष्क समाचार और धीर गंभीर सूचनाओं और शास्त्रीय संगीत से परे जाकर आम आदमी की जबान में आम आदमी से सहज और दिलकश संवाद की नींव अमीन सयानी ने अपनी युवावस्था में रखी। उसी नींव पर आज टी.वी चैनल्स और एफएम रेडियो की दुनिया खड़ी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि अमीन सयानी भारतीय रेडियो की दुनिया के 'पितृ पुरूष' थे। अमीन सयानी को



सिर्फ इसलिए याद नहीं किया जाएगा कि उन्होंने बिनाका गीतमाला के रूप में हिंदी फिल्मों की लोकप्रियता का पैमाना तय करने वाला कार्यक्रम 42 साल तक होस्ट किया, बल्कि इसलिए भी याद किया जाएगा कि उन्होंने रेडियो की जनोन्मुखी, संवादात्मक और सहज सम्प्रेषणीय भाषा भी रची। अमीन सयानी जिस भाषा में उद्‌घोषणा करते थे, इसके माध्यम से रोचकता का संसार रचते थे, वह हिंदी और उर्दू का मीठा मिश्रण होता था। खास बात यह है कि अमीन सयानी ने अंग्रेजी उद्‌घोषक के रूप में करियर की शुरूआत की थी। लेकिन बाद में वो हिंदी उद्‌घोषणा की मील का पत्थर बन गए। अपनी सरल लेकिन प्रभावी शब्द संपदा के साथ हिंदी उर्दू के कठिन शब्दों का शुद्ध और नफासत भरा उच्चारण, स्वराघात, लय और प्रांजल सम्प्रेषणीयता अमीन सयानी की जुबान की ऐसी खूबियां थीं कि लोग उनकी सामान्य बातचीत पर भी मोहित हो जाते थे। बीती सदी में साठ और सत्तर के दशक में हर युवा उद्‌घोषक अमीन सयानी की नकल करने की कोशिश करता था और वैसा ही बनना चाहता था। अभी भी विविध भारती के नामी उद्‌घोषक युनूस खान की उद्‌घोषण शैली में इसकी झलक देखी जा सकती है। उन दिनों हिंदी उद्‌घोषणा जगत में तीन आवाजें मानक समझी जाती थीं। समाचार वाचन में आकाशवाणी के देवकी नंदन पांडे, हॉकी कमेंट्री में जसदेव सिंह तथा मनोरंजन के क्षेत्र में अमीन सयानी। इन सभी ने जनसंचार के क्षेत्र में रेडियो माध्यम की महत्ता और चुनौतियों को बखूबी समझा तथा उसे एक नई परिभाषा दी। इन तीनों में भी अमीन सयानी का नाम तो हर घर में पहुंच चुका था। उन्होंने सार्वजनिक संबोधन में भी एक बुनियादी बदलाव किया था। तब तक किसी भी कार्यक्रम में वक्ता आम तौर पर 'भाइयों और बहनों' से बोलने की शुरूआत करते थे। लेकिन इससे लैंगिक विषमता की गंध आती थी। अमीन सयानी ने अपने कार्यक्रम में 'बहनों और भाइयों' कहना शुरू किया, जो बेहद लोकप्रिय हुआ और स्त्री शक्ति की महत्ता को रेखांकित करता था। ये सुखद संयोग ही है कि 20 साल की उम्र में अमीन सयानी ने रेडियो सीलोन से भारतीय फिल्म संगीत, जो उस वक्त अपने सुनहरे दौर में कदम रख रहा था, को घर घर पहुंचाने और उत्कृष्टता की प्रतिस्पर्द्धा में लोकप्रियता को एक मानदंड के रूप में स्थापित करने का सफल प्रयास किया। यही वो दौर था, जब देश की पुरानी पीढ़ी हिंदी फिल्मों के संगीत को बाजारू मानकर उसे खारिज या अनदेखा करने की कोशिश कर रही थी। देश के तत्कालीन सूचना प्रसारण मंत्री बी.वी. केसकर ने तो आकाशवाणी से हिंदी फिल्म संगीत का प्रसारण यह कहकर बंद करवा दिया था कि इससे देश की युवा पीढ़ी बिगड़ रही है। जबकि हकीकत में उसी दौर में हिंदी सिने संगीत के स्वर्णिम काल का द्वार भी खुल रहा था।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## लोकल सेल सिरका में लिफ्टरो ने मिट्टी युक्त खराब कोयला आपूर्ति को लेकर प्रबंधन का जमकर किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी सिरका लोकल सेल डंपिंग में खराब कोयले आपूर्ति करने को लेकर लिफ्टर एसोसिएशन सिरका ने इसका जमकर विरोध किया। इस दौरान प्रबंधन के सिरका पीओ व जीएम के खिलाफ प्रदर्शन भी किया गया। लिप्टर युगेश बेदिया व अन्यो ने बताया हम लोगों से पहले ही डीओ के माध्यम से कोयले के लिए पैसों का भुगतान नियमानुसार कर दिया जाता हैं, लेकिन स्थानीय सिरका प्रबंधन कोयले डंप में मिट्टी युक्त गर्द जैसे खराब कोयला को भी पेलोडर द्वारा उठवा कर सेल की गाड़ियां भरने का जोर देती हैं, ऐसे में खराब कोयले के कारण हम लोगों को बाजार में कोयला बेचने पर उचित दाम नहीं मिल पाता हैं, इससे पर गाड़ी पेनल्टी भी कोयला खरीदने वाले पाटी के द्वारा थोप दिया जाता हैं, जिससे आर्थिक क्षति हो रही हैं, जबकि सीसीएल के कोलयरी सिरका की बदनामी हो जाती हैं। बताया कि कोयले खराब सिरका सेल को लेकर महाप्रबंधक एसके झा से भी मुलाकात की गई। इसके बाद महाप्रबंधक ने कोयले की क्वालिटी सुधार करने का भरोसा दिलाया।



तब मामला शांता हुआ। सूत्रों की माने तो एक बड़े कोयले के व्यापारी को फायदा पहुंचाने के लिए छोटे लिप्टरो को खराब कोयला प्रबंधन देकर खानापूर्ति करने की तैयारी में हैं। वही सूत्र बताते हैं कि कोयला उत्पादन माह को ले स्थानीय सिरका प्रबंधन अच्छे कोयले के साथ खराब कोयले को मिलाकर ओवर रिपोटिंग दिखाना चाहती हैं। जबकि इससे सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र की छवि खराब होने के भी आसार हैं। मौके पर विरोध जताने वालो में लिफ्टर धनेश्वर महतो, प्रेम महतो, युगेश बेदिया, राजू यादव, गोविंद केशरी, झुन्नु महतो, बलदेव महतो, दीपक सिंह, लालू सिंह, बालेश्वर मास्टर समेत कई लिफ्ट शामिल थे।

## चितरपुर में चोरों ने घर में घुसकर लगभग 7-8 लाख की चोरी को दिया अंजाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने मौके की नजाकत को भाँपते हुए चितरपुर के गांगी जमुनी स्थित तिवारी बगीचा में देवराज तिवारी के घर में घुसकर घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार देवराज तिवारी अपने पूरे परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के घर मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। मुंडन संस्कार में विलंब होने के कारण रात्रि में देवराज तिवारी सपरिवार घर वापस नही लौट पाए। अज्ञात चोरों ने मौके की नजाकत को भाँपते हुए घर में प्रवेश किया और सभी कमरों की तलाशी कर जेवर और पैसा लेकर चलते बने। जब देवराज तिवारी सुबह अपने घर पहुंचे तथा घर की हालत देखकर उनकी आँखें फटी की फटी रह गई। उन्होंने देखा कि घर का ताला खुला हुआ है। जिसके बाद अंदर जाने पर पता चला कि घर में रखा हुआ सारा जेवर और नगद राशि की चोरी हो गई है। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल रजरप्पा थाना को दी। जानकारी मिलते ही, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पाण्डेय दल बल के साथ घटनास्थल पहुँचकर मामले को गंभीरता से लेते हुए चोरी की घटना की बारीकी से तफ्तीश शुरू कर दी।

## अरगड्डा डब्ल्यूटीपी में इंचार्ज बदलने से क्षेत्र में पानी समस्या से अब तक मिली है राहत : सूरज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल के अरगड्डा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में इंचार्ज बदलने के बाद नियुक्त हुए रामजी सिंह के आने से क्षेत्र में अब तक का पानी की किल्लत से कॉलोनी वाशियो को राहत मिली हैं। यह बातें गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर भाजपा एससी मोर्चा के जिला रामगढ़ मीडिया प्रभारी सूरज पासवान उर्फ सिक्की ने कहीं। कहां की आगामी दिनों में नया उपकरण डल्बूटीपी में लगेगी। जिससे अरगड्डा में आने वाले गर्मी के समय में पानी समस्या से लोगों को नहीं जूझना पड़ेगा, भाजपा के सूरज ने बताया कि मेरे साथ वार्तालाप में नये इंचार्ज रामजी ने बताया कि आगे डब्लूटीपी के उपकरणों में मोटर पंप, मशीन, पाइप की आवश्यक पूर्ति जल्द होने वाली हैं। इससे पानी सप्लाई इंतजाम अच्छा और सुलभ हो पाएगा। मौके पर कार्तिक पासवान, संतराज पासवान, अनु सिंह, कुणाल गुप्ता, चंदन पटवा, शांता पासवान, कुणाल केशरी आदि लोग मौजूद थे।

## अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान रथ का गोला में हुआ भव्य स्वागत

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार से चलकर भ्रमण करते हुवे झारखंड पहुचे अमर शहीद जगदेव प्रसाद अभियान रथ का गुरूवार को झारखंड कुशवाहा महासभा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप व युवा जिला अध्यक्ष कुंदन कुशवाहा के संयुक्त नेतृत्व में गोला प्रखंड में फौजी काम्प्लेक्स के प्रांगण में गोला प्रखड के कुशवाहा समाज द्वारा रथ का भव्य स्वागत किया गया।अमर शहिद जगदेव प्रसाद का नारा था शोषितो का राज्य शोषितो द्वारा शोषितो के लिए।नब्बे पर से दस के शासन का खात्मा।असली समाजवाद राष्ट्रीयता और लोकतँत्र की स्थापना। रथ के साथ डॉक्टर संत कुमार सिंह, वसिष्ठ नारायण सिंह,दीनदयाल सिंह कुशवाहा,उदय कुमार कुशवाहा उपस्थित थे।रथ का स्वागत के लिए मौके पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश सचिव उत्तम कुशवाहा, झारखंड कुशवाहा महासभा के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर महतो, कुशवाहा भवन के अध्यक्ष लखिन्द्र कुमार, राहुल कुशवाहा, महेश महतो, अरुण कुमार दांगी, नीतीश कुमार,गौतम महतो, जोगेंद्र महतो, आदि मौजूद थे।



## यूनियन महासचिव ने अरगडा क्षेत्र के पूर्व श्रमिक प्रतिनिधि रामजी को यूनियन में किया शामिल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के पूर्व श्रमिक प्रतिनिधि रामजी सिंह ने गुरुवार को जनता मजदूर संघ की सदस्यता धनबाद में ग्रहण किया। इन्हें जेबीसीसीआई सदस्य व जनता मजदूर संघ के महासचिव सिद्धार्थ गौतम, धनबाद विधानसभा की पूर्व विधायिका कुंती सिंह के समक्ष यूनियन में फूलमाला हार पहनाकर शामिल किया गया। इसके पश्चात श्रमिक प्रतिनिधि रामजी सिंह ने कहां कि अरगड्डा क्षेत्र में जनता मजदूर संघ को नंबर वन यूनियन बनाना उद्देश्य रहेगा, जिसके लिए मजदूरों के हर समस्याओं को प्रबंधन के समक्ष उठाया जाएगा। इसे लेकर शुभचिंतको, मित्रों, कामगारों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मौके पर यूनियन के दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।



## इनमौसा सदस्यों ने परिचय बैठक में जीएम अरगड्डा का किया स्वागत

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनमौसा के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा गुरुवार को नये अरगड्डा जीएम संजय कुमार झा के साथ का परिचय बैठक में पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। अवसर पर इनमौसा के पदाधिकारियो ने अरगड्डा क्षेत्र में कोयला उत्पादन बढ़ाने, वेलफेयर, प्रमोशन सहित अधिकारियों, कर्मचारियों में सौहार्दपूर्ण वातावरण संबंधी आदि की चर्चा की गई। वहीं जीएम एसके झा ने सभी माईनिंग सुपरवाइजर महत्वपूर्ण अंग हैं। सभी मिलकर अपने लक्ष्य को पूरा करने का हर संभव कोशिश करें जैसी बातें कहीं।मौक पर इनमौसा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रशांत बेल्थरिया, क्षेत्रीय सचिव मधुसूदन सिंह, उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री शांता कुमार, धीरेंद्र कुमार सिंह,कृष्णा सिंह, विश्वनाथ सिंह, लालधारी गंझू,नागेंद्र सिंह, राहुल कुमार सिंह, सोनू कुमार, जय कुमार आदि शामिल है।



**संक्षिप्त खबरें**

## महिलाओं के बीच किया गया पायोनियार 27 पी 37 धान का प्रचार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जेएसएलपीएस से जुड़े महिलाओं के बीच पायोनियर 27P37 धान का प्रचार प्रसार किया गया। यह कार्य कंपनी से जुड़े मिथिलेश पांडेय के द्वारा करवाया जा रहा था। उपस्थित महिलाओं को इस धान के बारे में बतलाया गया। कि दूसरे धाम से बेहतरीन इस धान का वजन, पैदावार अधिक होता है। इसलिए जब भी धान लगाएं तो पायोनियर ही लगावे। मौके पर उपस्थित दर्जनों महिलाएं थी।

# कृषक मित्र महासंघ ने विधायक को सौंपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** कृषक मित्र महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को विधायक किशुन दास से मुलाकात की और पांच सुत्री मांग का एक ज्ञापन सौंपा है। मांग पत्र में कुशल मजदूर के बराबर कृषक मित्र को मानदेय देना, 60 वर्ष की उम्र सीमा तय करना, कृषि विभाग के बहाली में 50 प्रतिशत का आरक्षण देना, मृतक के आश्रितों को नौकरी देना और बीमा भत्ता का मांग शामिल है। कृषक मित्रों का कहना था कि सरकार उनसे जमकर काम लेती है किंतु बदले में संतोषजनक प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रही है। कृषक मित्र सरकार के हर एक आदेश का पालन निष्ठा पूर्वक कर रहे हैं, क्षेत्र में किसानों के हित में हर एक काम इमानदारी पूर्वक कर रहे हैं किंतु सरकार कृषक मित्र के समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। कृषक मित्र महासंघ ने विधायक से इस मुद्दे पर आवाज बुलंद करने और कृषक मित्रों की मांग को पूरा करने की ओर पहल करने का अनुरोध किया है। प्रतिनिधि मंडल में संघ के दर्जन पर सदस्य शामिल थे।

## जेएसएलपीएस के कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ किया गया मासिक बैठक, नए सिसी से हुआ परिचय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जेएसएलपीएस संचालित आस्क ऑफिस में कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ वृशपतवार को मासिक बैठक किया गया।यह बैठक एफटीसी अनिल प्रजापति ने किया।जहां उपस्थित सभी समूह के दीदीयों को कई दिशा निर्देश दिए गए। और नए सिसी के साथ सबका परिचय किया गया उपस्थित गिद्धौर क्लस्टर से सावित्री देवी बरियातू क्लस्टर से सरदार जितेंद्र सिंह एवं निशांत कुमार के साथ परिचय करवाया गया। महीने भर का कार्य का जायजा लिया गया।साथ ही साथ महिलाओं को दिए जाने वाले प्रोत्साहित राशि का वर्क डॉन भी जमा करवाया गया।मौके पर उपस्थित एल एचसीआरपी सुमन वर्मा बीआरपी विजय रजक युगेश्वर दांगी महिलाएं रंजीता देवी गुड़िया देवी सुगी कुमारी उषा देवी मालती देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## पत्थलगड़ा में धर्मशाला नव निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के ग्राम पत्थलगड़ा में धर्मशाला भूमि पूजन को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों ने धर्मशाला निर्माण समिति का गठन कर तथा चंदा इकट्ठा करके धर्मशाला नव निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया द्य जहाँ कार्यक्रम क्या शुरुआत सिंघानी पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद राजू डॉक्टर, शंभू नाथ दाँगी, भुवनेश्वर दांगी के अगुवाई में किया गया द्य जिसका संचालन पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय दांगी ने किया। वहीं उपस्थित पत्थलगड़ा जिप सदस्य राम सेवक दाँगी उर्फ भगत जी, चतरा सांसद के भावी प्रत्याशी दिलीप साहू, एंव अन्य लोग शामिल थे द्य जबकि धर्मशाला भूमि पूजन को द्वविधि विधान से आचार्य के द्वारा पूजा करने के उपरांत समाज के लोगों ने एक-एक ईट रखकर धर्मशाला निर्माण की नींव रखी। इस दौरान समाज के लोगों ने उत्साह दिखाते हुए बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस दौरान समिति के लोगों ने भूमि पूजन में शामिल लोगों का आभार जताया। इस मौके पर सिंघानी पंचायत के पूर्व मुखिया कुसुम लता कुशवाहा, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, सिंघानी पंचायत समिति मीना देवी, मुकेश दांगी, कामेश्वर दाँगी, विनय दाँगी श्याम लाल, दाँगी, बीरबल प्रजापति, बैजनाथ यादव, परमेश्वर रविदास, केलु मिस्त्री, बलदेव रजक, लालदेव दांगी, कृष्ण दांगी, जगदीश दांगी आदि सैकड़ो लोग शामिल थे।

# भारतीय प्रजातांत्रिक मंच के राष्ट्रीय युवा महासचिव बनाए गए नेसार अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय प्रजातांत्रिक मंच की राज्यस्तरीय बैठक कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया में संपन्न की गई। बैठक को अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनुल अंसारी तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नजरूल हक ने किया।बैठक की शुरुवात तिलावते कुरान से केंद्रीय संरक्षक जहांगीर अंसारी ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, तथा राजनैतिक भागीदारी पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य मुख्य वक्ताओं ने बारी बारी से संबोधित कर देश में अपलसंख्यकों के अधिकारों का तेजी से हो रहा हनन पर बात रखा तथा रोष व्यक्त किया गया। मौजूदा सरकार को भी यह बताया गया की समय रहते अगर अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर बात नहींकी जाती है तथा ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो भारतीय प्रजातांत्रिक मंच पूरे राज्य में आंदोलन कर लोगो को सरकार के विरोध में जाने का आह्वान करेगा। इस बैठक में चतरा जिले से नेसार अंसारी को युवा राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया तथा टंडवा निवासी मो हसन को चतरा जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फैयाज कैसर, हजारीबाग से निसार खान, बाबर अंसारी, इब्राहिम अंसारी, गुमला से चर्चित समाजसेवी सय्यदा खातून, रांची से फरहाना खातून, अक्लीमा खातून, एम्तेशाम अली, सहनाज खातून, रामगढ़ से इरफान तूफानी, बरही से तौकीर रजा, केंद्रीय संरक्षक हाजी अब्दुल रहमान के अलावे सैकड़ों लोग मौजूद थे। अंत में पूरे देश में अमन शांति के दुआ कर केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष निसार खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी संजय पांडेय अब तक गिरफ्तारी से कोसो दूर : राजकिशोर कमल**

# जमीन खा गई या निगल गया आसमान, गिरफ्तारी अब तक क्यों नहीं : संतोष नायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** दुर्गा सोरेन सेना के जिला कमिटी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सिमरिया प्रखंड के आरोपी संजय पांडे द्वारा एक नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का घिनौना कुकृत्य किया है। जबकि यह क्षेत्र के बहु बेटियों के लिए दुर्भाग्य है। वैसे दरिंदे को गिरफ्तारी कर अविलंब फांसी की सजा का मांग करता हूँ। दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय प्रवक्ता राज किशोर कमल और पिंकू ने कहा कि जहां मोदी सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पूरे देश में अभियान चला रहे हैं वहीं ऐसे लोग घिनौना अपराध कर खुले आम घूम रहे हैं। जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु एवं जिला महासचिव ने सिमरिया थाना प्रभारी एवं चतरा एसपी से मांग किया है कि अविलंब आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो हम लोग बाध्य होकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। जबकि घटना हुए एक माह बीत चुका है परंतु अब तक आरोपी गिरफ्तारी से बच रहा है। आखिर पुलिस महकमा क्या कर रही है।यह एक बड़ी सवाल है। यदि भुक्तभोगी बच्ची के परिजन दबंग या पहुंच वाला रहता तो घटना के महज एक या दो दिन में हीं बल्तकारी आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाता ।परन्तु बल्तकारी आरोपी दबंग और पहुंच वाला है उसे उच्चस्तरीय पदाधिकारियों का आशीर्वाद अब तक मिल रही है जिसका नतीजा है कि अभी तक बलात्कारी संजय पांडेय को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। वैसे में गरीब असहाय लोग पुलिस तंत्र पर असंतोष जाहिर करते हुए सवालिया निशाना साधा है। आगे कहा है कि आरोपी संजय पांडेय घर आता भी है और क्षेत्र में यदा कदा घूमता भी है परंतु अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाना यह एक पहेली बन गई है। उन्होंने कहा कि एक माह बीत जाने के बाद भी यदि गिरफ्तारी नहीं की गई है तो अब दुर्गासोरेन के कार्यकर्ता गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलन करेगा। बता दें कि इसी तरह की घटना जांगी पंचायत के जरही में एक महिला के साथ दो दरिंदो ने मिल कर बलात्कार किया है । भुक्तभोगी महिला ने लिखित आवेदन देकर गिरफ्तारी की मांग की थी ।जबकि यह घटना भी लगभग तीन सप्ताह बीत चुका है लेकिन दोनों आरोपियों को अभी तक गिरफ्तारी नही हुई है। आखिर ऐसे बलात्कारियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार नहीं किया जाना शक की सुई घूमती है। क्या बलत्कारी दबंग है। क्या बलात्कारी कानून से ऊपर हैं। क्या उनके लिए कोई कानून नहीं है। केवल गरीबों के लिए हीं कानून लागू होता है। मौके पर उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ,आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह ,केंद्रीय सचिव मनोज राणा ,दिनेश पांडे, प्रकाश राम मिश्रा ,पासवान डब्ल्यू सोनी , राजेंद्र प्रसाद कसेरा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीमा कुजूर, जिला महासचिव गौरी देवी ,जिला कोषाध्यक्ष प्रतिमा देवी, सुगन साव, शिव शंकर यादव ,अशोक साहू, जयकुमार रजक ,राजू ठाकुर के अलावे दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में गिरफ्तारी कर सजा की मांग की है।

# धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में आती है सुख व समृद्धि : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधायक सह श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। विधायक गुरूवार को शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर नौ कन्या पूजन व भंडारा के शुभारंभ के मौके पर उन्होंने कहा कि श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर न सिर्फ लातेहार वरन आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए आस्था व विश्वास का प्रतीक है। उनका इस मंदिर से पुरानी आस्था है उन्हें जब भी अवसर मिलता है यहां आते हैं और माता का आर्शिवाद प्राप्त करते हैं।लोग इस वार्षिकोत्सव को एक पर्व की तरह मनाते हैं और प्रति वर्ष इसका इंतजार करते हैं। मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्य पूरे तन्मय से इस कार्य में लगते हैं और एक महीने पहले से ही तैयारी करते हैं।यह देख कर बहुत ही सुखद लगता है।पहले विधायक ने मंदिर परिसर में माता दुर्गा की पूजा अर्चना की मौके पर वेदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय व राजेश्वर पाठक ने किया। इसके बाद विधायक व जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने नौ कन्या पूजन किया और उन्हें प्रसाद ग्रहण करा कर भंडारा का शुभारंभ किया।विधायक ने मंदिर परिसर में बैठ कर माता का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, मंदिर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, अमरेश प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार साहु, सुरेंद्र कुमार शौंडिक, आशीष कुमार बाग, विनोद कुमार महलका, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, कार्यकारिणी प्रमुख ओम प्रकाश प्रसाद, राजीव कुमार साहू, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, उज्जवल कुमार छोटू, विजय कुमार गुप्ता, दीपक कुमार विश्वकर्मा, आकाश जायसवाल, संजय कुमार गुड्डु, अशोक कुमार दास, दिनेश कुमार महलका, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, सुनील प्रसाद, अंगद कुमार, पारितोष ठाकुर समेंत कई लोग मौजूद थे। 10 हजार श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर तथा सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति ने बताया कि 31 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर आयोजित भंडारे में लातेहार समेंत आसपास के क्षेत्रों के तकरीबन 10 हजार लोगों ने मंदिर परिसर में बैठ कर माता का प्रसाद ग्रहण किया।अध्यक्ष श्री गुप्ता ने तन मन व धन से सहयोग करने के लिए आम लोगों के प्रति आभार प्रकट किया कहा कि सामुहिक सहयोग से ही कोई भी बड़ा आयोजन सफल हो पाता है। इस आयोजन में लोग भंडारा सामाग्री से लेका वृहत पैमाने में आर्थिक सहयोग करते हैं।

## पंचायत स्तरीय शिविर में शामिल होकर अपना वृद्धापेंशन आवेदन जमा करें : गरिमा सिंह



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के शत प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 50 साल की महिला एवं एससी, एसटी पुरुषों को वृद्धावस्था पेंशन से जोड़ने हेतु जिले के सभी प्रखण्डों में 20 से 23 फरवरी तक चार दिवसीय पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में लातेहार के ईचाक पंचायत भवन में आयोजित शिविर का उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि 50-60 आयुवर्ग की सभी महिलाओं समेत अनुसूचित जनजाति (स्ज्ञ) तथा अनुसूचित जाति (स्ष्ट) वर्ग के पुरुषों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से आच्छादित करने हेतु सभी प्रखण्डों में 20-23 फरवरी तक चार दिवसीय पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन जा रहा है। आयोजित पंचायत स्तरीय शिविर में बड़ी संख्या में शामिल होते हुए अपना आवेदन जमा करें। इस पंचायत स्तरीय शिविर में ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त करने का लक्ष्य है।पंचायत स्तरीय शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।आगे उन्होंने ÷राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना÷ की जनकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत एक केंद्र प्रायोजित योजना है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे परिवार के 18- 59 वर्ष तक के मुख्य कमाऊ सदस्य की प्राकृतिक अथवा अन्य कारणों से मृत्यु होने पर परिवार के भरण पोषण की समस्या को देखते हुए उनके आश्रित को सरकार की तरफ से वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है, जिसमें योग्य लाभुक को 20 हजार रुपए की एकमुश्त राशि बैंक खाते में प्रदान की जाती है। शिविर में उपस्थित होकर इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन दें।शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी, लातेहार द्वारा मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए शिविर से जुड़कर लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अलावे जिला खेल स्टेडियम, भारत माता भवन के परिसर में आयोजित शिविर में उपायुक्त ने शिरकत कर निष्पादित किए जा रहे कार्य का जायजा लिया। साथ ही पंचायत स्तरीय शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

# वाहन सवार बिना हेल्मेट या सीट बेल्ट के वाहन न चलाएं : रविन्द्र तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य रविन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय स्थित परिषदन भवन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संबंधित पदाधिकारियों के साथ आयोजित की गई।बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा एवं निर्माण कार्य से संबंधित अधतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में बालूमाथ से पांकी जाने वाले एसएच -10 सड़क की स्तिथि अत्यंत खराब है जगह जगह गड्ढे बन गए हैं। इस संदर्भ में ऋष्ठ को जल्द ही सड़क मरम्मती कराने एवं सभी जरुरी सड़क सुरक्षा साइनेज लगाने का निदेश दिया गया।बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना के आंकड़ों की जानकारी लेते हुए जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जाए इस संदर्भ में चर्चा कर दुर्घटना से बचाव सम्बंधित व्यवस्था दुरुस्त करनें एवं सुरक्षा मानकों के पालन किए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चौक चैराहों को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही बस स्टैंड , ऑटो स्टैंड के लिए स्थल चिन्हित करने की बात कही गई। आगे श्रीं तिवारी ने कहा कि नगर पंचायत ये सुनिश्चित करें कि सड़कों पर गाड़ी पार्क न हो। साथ ही वाहन चेकिंग को लेकर उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी या पदाधिकारी ये सुनिश्चित करें कि कोई भी वाहन सवार बिना हेल्मेट या सीट बेल्ट के वाहन न चलाएं। बैठक में जिला के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गरीब विरोधी है भाजपा निकाला गया लोकतंत्र बचाओ यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** तीन दिवसीय लोकतंत्र बचाओ यात्रा बरवाडीह से शुरू होकर सतबरवा, मनिका, हेरहंज, बरियातू होते हुए बालूमाथ पहुंचा। इस दौरान केर, कुटमू मोड़, बकोरिया, मनिका, हेरहंज, बरियातू समेत कई गावों में जन सभा आयोजन किया गया, पर्चे बांटे गए और पोस्टर चिपकाए गए। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार संविधान और मौलिक अधिकारों को ही खतम करने पर लगी हुई है। इसका सीधा प्रभाव गरीब, मजदूर, किसानों के जीवन पर पड़ रहा है। मोदी सरकार ने हर खाते में 15 लाख रु देने का और साल में 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन जनता के साथ धोखा किया गया। अग्निवीर योजना लागू कर भारतीय सेना की लम्बी नौकरी को खतम कर चार साल की संविदा आधारित व्यवस्था लागू की गयी। रेलवे सहित हर सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र में नौकरी व्यवस्था खत्म कर अल्पकालिक ठेका बहाली लायी जा रही है। आगे वक्ताओं ने कहा कि आरएसएस व भाजपा द्वारा आदिवासियों को धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है. इससे आदिवासी एकता कमज़ोर होगी और उनके संसाधनों को आसानी से लूटा जा सकता है. जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है, तब से झारखंड समेत पूरे देश में धर्म के नाम पर आदिवासियों, दलितों व मुसलमानों पर हिंसा बढ़ी और सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो गया है। सभाओं में लोगों ने 2024 लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को हटाने का संकल्प लिया।यह यात्रा लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान, जो राज्य के अनेक जन संगठनों का 2024 लोकसभा चुनाव के लिए साझा अभियान है, की और से किया जा रहा है। आज की यात्रा में अजय उरांव, अजय यादव, भूखन सिंह, जितेंद्र सिंह खेरवार, जितेंद्र सिंह चेरो, हरी कुमार भगत, मंथन, एमडी अहिया, नारायण भगत, सेलेस्टिन कुजूर, सिराज दत्ता, टॉम कावला समेत कई लोग भाग लिया और अपनी बातों

## प्रायोजित कार्यक्रम में प्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करना भद्दा मजाक

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय परिसर में शिक्षा विभाग के द्वारा जिला स्तरीय हस्त कला प्रदर्शनी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहाँ प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के सरकारी विद्यालय के छात्र छात्राए अपने द्वारा बनाई गई हस्त कला प्रदर्शनी लेकर शामिल हुए। वही जिला स्तर से आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी कई दिनों से चल रही थी। वही कार्यक्रम के आयोजन में किसी स्थानीय पत्रकारों ,जनप्रतिनिधियों को विभाग के द्वारा आमंत्रित नहीं किया गया जो यहां के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेद्र कुमार सिंह की खराब मानसिकता को दर्शाता है । कार्यक्रम के अंतिम समय में उनके द्वारा आनन फानन में जिला परिषद प्रमुख , विधायक प्रतिनिधि सांसद प्रतिनिधि समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को व्हाट्सएप के माध्यम से आमंत्रण दिया गया। जिसकी नाराजगी व्यक्त करते हुए कोई जनप्रतिनिधि शामिल नही हुए ।जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर ने कहा कि कार्यक्रम की सूचना उद्घाटन के बाद मिली यह आश्चर्य है कि विभाग की ऐसी लापरवाही को क्या कहा जाए यह विभाग के अधिकारियों की मनमानी और कार्यशैली को स्पष्ट करता है। वही विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने कहा की कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण देना जनप्रतिनिधियों के साथ एक बड़ा भद्दा मज़ाक है जो किसी हालत में बर्दाश नही की जाएगी ।

# प्रभात मंत्र




## संक्षिप्त खबरें

### गुरुकुल के निर्माण की रखी गई आधारशिला, हुआ भूमि पूजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लुपुंग ग्राम मे स्थित सढवा मठ महादेव तीर्थ स्थल परिसर मे सेवाने नदी के तट पर भारतीय शिक्षा परंपरा पर आधारित गुरुकुल की स्थापना हेतु भूमि पूजन की गई। मुख्य अतिथि दिल्ली संस्कृत व हिंदी अकादमी के सचिव डॉ जीतराम भट्ट का हवाई मार्ग से रांची पहुंचने पर नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा एवं केंद्रीय महासचिव राजेश झा ने उनका स्वागत किया।पत्रकारों से बात करते हुए डॉ भट्ट ने कहा कि नव झारखंड फाउंडेशन ने कई जगह पर गुरुकुल खोलने का संकल्प लिया है उसी के तहत सढ़वा मठ महादेव मंदिर में आज गुरुकुल का आगाज हेतु भूमि पूजन किया गया ।देश में नई शिक्षा नीति में मातृभाषा को सर्वोपरि रखा गया है।गुरुकुल में मातृभाषा को सींचने की अद्भुत क्षमता अनादिकाल से हीं हमारी संस्कृति में विद्यमान रही है।मौके पर प्रदीप मिश्रा, बालेश्वर प्रसाद मेहता,अशोक कुमार राणा, रवि कुमार मेहता,दीपक कुमार मेहता, रामनरेश भारती, बिनोद जैन, विजय कुमार वर्मा, मुरारी खंडेलवाल,सच्चिदानंद मेहता सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### पैसे की मांग कर अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने का मामला, उपायुक्त ने लिया संज्ञान

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अबुआ आवास योजना के धरातल पर उतरते ही असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई है। इसी कड़ी में कटकमदाग प्रखंड से एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें मोबाईल संख्या 9608372085 से कई लाभूकों को फोन कर योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग की गई है। अवैधकर्ता ने अपने की डीसी ऑफिस का स्टॉफ भी बताया है जो अत्यंत गंभीर मामला है। उपायुक्त ने इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए कारवाई के निर्देश दिए है साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि गरीब जनता को आवास का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की है लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग की सूचना प्राप्त हुई है। मेरी अपील है कि इस प्रकार के जालसाजों के झांसे में न आए बल्कि अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल कर इसकी जानकारी जिला प्रशासन को जिला कंट्रोल रूम के टेलीफोन संख्या 06546-264159 पर उपलब्ध कराएं।

### राय पंचायत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया दीवार लेखन अभियान

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत मे भाजपा खलारी मंडल के द्वारा गांव चलो अभियान के तहत दीवार लेखन अभियान चलाया गया।इस अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां के बारे मे बताया।राय पंचायत के बूथ नंबर 54 में प्रवासी के रूप में चयनित कार्यकर्ता दिनेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व मे अभियान चलाया गया।इस दौरान बुथ के कार्यकर्ताओं से मिलकर बुथ समिति का सत्यापन किया गया एवं नये सदस्यों को जोड़ा गया और लाभुक समिति से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विगत 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां को गांव के टोलो और मोहल्लो में घूम-घूमकर बताया गया।इस दौरान अबकी बार फिर मोदी सरकार के नारे को दीवार लेखन भी किया गया।मौके पर खलारी मंडल के दिनेश गुप्ता,मंत्री राजू गुप्ता,रितेश केसरी,दिलेश्वर सोनी,डेगन प्रजापति,संतोष प्रजापति, नरेश महतो,संदीप गुप्ता,पिंटू सिंह,आरबी सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डीएवी बचरा में मनाया गया स्वामी श्रद्धानंद की जयंती

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में गुरुवार को स्वामी श्रद्धानंद की जयंती मनाया गया।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित अन्य शिक्षकों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।स्कूल के शिक्षक ओपी यादव के द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे शामिल हुए।स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद एक महान शिक्षाविद,स्वतंत्रता सेनानी एवं वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित और समाज सुधारक थे।स्कूल के शिक्षकों के अलावा बच्चों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** झारखंड प्रजातांत्रिक मंच के तत्वावधान में गुरुवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद की 136 वीं जयंती मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बाबर अंसारी ने किया ।इस अवसर पर मंच के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौलाना आजाद अरबी फारसी के विद्वान थे । वे स्वाधीनता संग्राम में इस सदी के प्रारंभ में ही कूद पड़े थे । प्रथम महायुद्ध 1914 से 1918 और द्वितीय महायुद्ध 1939 से 1945 दोनों महायुद्धों के काल में कारावास भुगतने वाले संभवत÷ वे ही एक मात्र नेता थे ÷ स्वराज ÷ के लिए आंदोलन में वे सदा अग्रणी रहे । मंच के संरक्षक जहांगीर अंसारी ने कहा कि मौलाना आजाद की विशेषता यह रही कि द्विराष्ट सिद्धान्त को उन्होंने कभी स्वीकार नही किय वे सह अस्तित्व पर जबरदस्त विश्वास रखने वाले नेताओं में प्रमुख थे ।अध्यक्ष बाबर अंसारी ने कहा कि मौलाना आजाद को देश से गहरा लगाव था,उन्ही के कारण देश के विभाजन के बाद लाखों मुस्लिमों की आस्था देश के प्रति बानी हुई थी। मौके पर माशूक अंसारी, मो रब्बानी, परवेज अहमद, मोइनुद्दीन अंसारी, शहाबुद्दीन इराकी, आशिक खान, तसलीम अंसारी, इरफान अंसारी, मो आमिल, मुन्ना खान एवं फैज अहमद उपस्थित थें।

## विभिन्न मंदिरो के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में शामिल हुए समाजसेवी मुन्ना सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हज़ारीबाग़ :** गुरुवार को शहर के खिरगाँव में नवनिर्मित मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर एवम् जयप्रभा नगर स्थित संतोषी माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान शहर के जाने माने समाजसेवी और कांग्रेस नेता रमाकान्त सिंह उर्फ़ मुन्ना सिंह उपस्थित हुए।जहां पूजा कमेटी के सदस्यों ने गुलदस्ते और भगवा वस्त्र से उनका स्वागत किया । अनुष्ठान में नित्य के पूजन, हवन और पारायण के साथ पूजा प्रक्रिया हुई जो शाम तक जारी रही। श्री सिंह ने कहा कि सनातन संस्कार से ही उन्हें सर्व धर्म सद्भावना की प्रेरणा मिलती है,जिससे वे समाज के सभी लोगो की समस्याओं को अपना मान कर यथा संभव उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में मुन्ना सिंह के साथ संतोष साव, नितेश साहू, दिलीप यादव, सोनू कुमार,चानो मुखिया पप्पू यादव , रविन्द्र कुमार कुशवाहा, रजनीश कुमार, बबलू सिंह, रंजित यादव एवं विक्की कुमार धान मौजूद थे।

## जातीय जनगणना से ओबीसी समाज को आरक्षण का समुचित लाभ मिलेगा : अशोक साव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा राज्य में जातीय जनगणना कराने एवं ओबीसी सहित तमाम जातियों को जातिगत आरक्षण देने के निर्णय को राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन के जिला उपाध्यक्ष अशोक साव ने चंपई सोरेन सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्णय से ओबीसी समाज को आरक्षण का समुचित लाभ मिलेगा। जिला उपाध्यक्ष ने ओबीसी को 27% आरक्षण लागू करने एवं ओबीसी के लिए स्वतंत्र मंत्रालय गठन करने की मांग की है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान करने का दिया संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ अंतर्गत बनासो दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में ÷मतदाता जागरूकता÷ संगोष्ठी आयोजन शुभारम्भ आयोजन दीप प्रज्वलन कर किया गया । बीएड महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि अपने मताधिकार का निष्पक्ष प्रयोग करना सभी नागरिकों का नैतिक अधिकार और कर्तव्य है। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा ने कहा कि आज की पीढ़ी देश के भविष्य के कर्णधार हैं,आपसभी के द्वारा मतदान जागरूकता कराना भारतीय लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया में आपका अमूल्य योगदान होगा। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,चंदन कुमार,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो,प्रवीण कु0 जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ0 सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ0 अम्बरीश कु0 दुबे,डॉ0 विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु0 पाठक,सीमा,छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,लक्ष्मण कुमार,आजाद एवं समस्त प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ससुर बहु की सड़क दुर्घटना में मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के भेलवारा में एन.एच-522 में मोटरसाइकिल से घर जा रहे ससुर बहु की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हो गई।इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार बन्हे गाँव निवासी बासो सिंह,पिता-बुधन सिंह और बहू मंजू देवी,पति-बिनोद सिंह मोटरसाइकिल से मवेसी खोजकर कोनारडैम से वापस अपने घर लौट रहे थे,कि भेलवारा घाटी के आगे अज्ञात वाहन के धक्के से दोनो घटनास्थल पर गंभीर रूप से घायल हो गए,घटना की खबर पाकर विष्णुगढ़ थाना पुलिस घायलों को एम्बुलेंस से विष्णुगढ़ सीएचसी लेकर पहुँची जहाँ चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने दोनों को जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।सीएचसी पहुँचे मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम ने सड़क जाम व नो एंट्री की समस्या को लेकर डीसी व डीडीसी से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम ने गुरुवार को हजारीबाग डीसी और डीडीसी से मुलाकात कर बड़कागांव मुख्य चौक पर बार-बार हो रही सड़क जाम और नो इंट्री के उल्लंघन की समस्या को रखा। मामले को लेकर हाजी तबस्सुम ने कहा कि डीसी और डीडीसी से मुलाकात किया है दोनों ने इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लिया है। बड़कागांव में सड़क जाम की समस्या एक गंभीर समस्या है इसे दूर करने के लिए बायपास रोड का निर्माण अत्यंत आवश्यक है तभी इस समस्या के समाधान किया जा सकता है। इसके अलावा फिलहाल नो एंट्री का पालन सुबह 6:00 बजे से लेकर रात 9:00 तक हो और भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहे।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह समेत सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में आसन्न चुनाव के बाबत संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के क्रियाशील करने, शिक्षा विभाग से डेमोक्रेसी रूम को लेकर एमओयू,स्वीप एवं चुनाव कार्यो के प्रयुक्त पुलिस फोर्स के आवासन के लिए भवनों के चिंहितिकरण आदि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों के चिन्हितीकरण कार्य पर गति लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बूथों के चिन्हांकन के तय मानको के आधार पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने विगत चुनाव में हिंसा, विवाद या कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित कर उन बूथ पर जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। संवेदनशील बूथों के चिन्हांकन कार्यो में सभी संबंधितों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की बात कही। बूथों पर एएमएफ के बुनियादी सुविधाओं यथा बिजली, पानी,शौचालय, रैंप की सुविधा को सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने बताया कि इस बार सेक्टर वाइज इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाए जाएंगे ताकि रिजर्व ईवीएम को सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि अत्यंत आवश्यक होने तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों में ही क्लस्टर बनाए जाएंगे। उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस बार पोलिंग डे से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टी अपने संबंधित बूथों पर पहुंच कर रात्रि विश्राम करेंगे ताकि चुनाव के दिन पोलिंग ससमय प्रारंभ किया जा सके। इस संबंध में उपायुक्त ने सीओ व थाना प्रभारी को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। उन्होंने बूथ अवेयरनेस ग्रुप को प्रभावी करने को कहा। स्वीप कार्यक्रम के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में डेमोक्रेसी रूम को क्रियाशील करने सहित युवा मतदाताओं के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र के बड़े भवनो को भी चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने को कहा जिसमें मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी,शौचालय, बिजली,कमरे आदि हो ताकि चुनाव कार्यों में प्रयुक्त पुलिस फोर्स और मजिस्ट्रेट को ठहराया जा सके। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को चुनाव संबंधी कार्यों पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया तथा मतदाता जागरूकता संबंधी स्वीप एक्टिविटी को प्रखंड स्तर पर भी आयोजित करने को कहा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया व अन्य मौजूद रहे।

## बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में पंचायत स्तरीय शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय मे मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता मे पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर मे 50 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक के वृद्ध महिला पुरुष के द्वारा वृद्धा पेंशन,विकलांग पेंशन,विधवा पेंशन को लेकर आवेदन जमा किया गया।शिविर में कुल 75 लाभुको ने अपना आवेदन जमा किया।मुखिया रीना देवी ने बताया कि शिविर में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति से 50 वर्ष और जेनरल वर्ग से 60 वर्ष के लाभुको का आवेदन जमा किया गया। उन्होंने पंचायत के अन्य लाभों से भी अपना आवेदन जमा कर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।इस मौके पर मुखिया रीना देवी,वार्ड सदस्य रामनन्दन राम, किरण देवी,बीएलओ संगीता देवी,डॉली देवी सहित लाभुकों में फूलवासी देवी, साहबीर पासवान,संजय पासवान,मुन्ना देवी,यशोदा देवी,कुंती देवी,शीला देवी, मुन्ना नायक,उर्मिला देवी, देवन्ती देवी,शांति देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस के हत्थे चढ़े तीन साइबर ठग, दर्जनों मोबाइल, सिम व चेक बुक बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** जिले के सिंदूर पंचायत क्षेत्र से तीन साइबर ठगों को पुलिस ने धर दबोचा है। बताया जाता है कि पुलिस के वरीय पदाधिकारी के द्वारा सूचना मिली कि प्रतिबिम्ब ऐप के माध्यम से मोबाईल नंबर 7898381304 से राजस्थान में गत 11फरवरी को 55 हजार रूपये के ऑनलाइन वित्तीय ठगी की सूचना दर्ज है तथा उक्त नंबर जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सक्रिय है। तत्पशचात् वरिय पदाधिकारी के निर्देशानुसार टीम का गठन किया गया।साइबर सेल की मदद से सिधारी सिन्दूर स्थित केदार मेहता का मकान से 3 संदिग्धों से पुछताछ किया गया तलाशी के क्रम में तीनों के पास से विभिन्न कंपनी के 12 मोबाईल एवं विभिन्न कंपनी के कई सिम,12 डेविड कार्ड/एटीएमकार्ड, एक पासबुक ,3 चेकबुक 3 लेपटॉप एवं 01 एयरटेल फाईबर केबल बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में तीनों ने स्वीकार किया कि वे महादेव एप का काउन्टर चलाने के साथ साथ किकेट वर्ल्ड कप में सट्टेबाजी भी करते हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात प्रकाश में आई कि इनके द्वारा 60 से अधिक बैंक खातों से अवैध निकासी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विकास पाल पिता रामनाथ पाल जिला आरा बिहार,कुलदीप मेहता पिता द्वारिका महतो जिला हजारीबाग एवं रोहित मेहता पिता केदार मेहता जिला चतरा शामिल हैं। छापामारी अनि शमशेर बहादुर, थाना प्रभारी कोर्रा के नेतृत्व में कोर्रा थाना सशस्त्र बल के द्वारा की गई।

## सांसद ने संजय सिंह ग्राउंड के प्रवेश द्वार का उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को किया समर्पित



**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने संजय सिंह ग्राउंड (वेल्स) में नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन कर इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। सांसद मद की लगभग रू 15 लाख की राशि से इस द्वार का निर्माण करवाया गया है।इस द्वार को हज़ारीबाग क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व. संजय सिंह के नाम पर समर्पित किया गया है। यह स्व. संजय सिंह द्वार के नाम से जाना जाएगा। हजारीबाग में क्रिकेट के विकास के क्षेत्र में स्व. संजय सिंह ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके योगदान के कारण आज झारखण्ड में हजारीबाग क्रिकेट एसोसिएशन का नाम अग्रणी रूप में लिया जाता है। इस अवसर पर जयंत सिन्हा ने खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेला। साथ ही उन्होंने मैदान के चारों तरफ पथ वे का निर्माण करवाने, मुख्य प्रवेश द्वार के पास पेवर ब्लॉक लगवाने तथा खिलाड़ियों को प्रेक्टिस करने के लिए खेल मैदान के समीप प्रेक्टिस स्टैंड का जिला खनिज मद से निर्माण करवाने की घोषणा की। जयंत सिन्हा ने कहा कि संजय सिंह ग्राउंड (वेल्स) के बहुमुखी विकास के लिए हर कदम लिया जा रहा है। यहाँ भव्य मुख्य द्वार, मास्ट लाईट, पैवेलियन, विश्रामघर व स्नानागार समेत खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए हर जरुरी सुविधा दी जा रही है। हमारा प्रयास यहाँ रणजी जैसे टूर्नामेंट का आयोजन करवाना है।इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा, भैया तरुण कुमार, हजारीबाग विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि आनंद देव, टोनी जैन, बटेश्वर प्रसाद मेहता, सांसद प्रतिनिध प्रफुल कुमार, दामोदर सिंह, सांसद प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश, कृष्ण कुमार सिन्हा, रणधीर पांडे, सांसद प्रतिनिधि विकास वर्मा, अनूप भाई वर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका कुमारी सहित सैकड़ो प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा जी के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दी।

## बचरा साईडिंग मे शांतिपूर्ण हड़ताल को लेकर यूनियन ने मजदूरों को दी बधाई



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों के द्वारा शांतिपूर्ण हड़ताल की सफलता पर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के द्वारा सभी मजदूरों को बधाई दी गई है।बचरा साईडिंग मे पांच दिनों तक हड़ताल के बाद सीसीएल प्रबंधन के साथ हुई सकारात्मक वार्ता पर मजदूरों की एकता पर बधाई दी गई।इसको लेकर युनियन के अध्यक्ष मुंद्रिका प्रसाद, कामेश्वर राम,बाबूलाल राम, रामजीत राम,जनार्दन गिरी सहित अन्य श्रमिक प्रतिनिधि बचरा साइडिंग पंहुचकर असंगठित मजदूरों से मुलाकात किया और सभी मजदूरों को पांच दिवसीय शांतिपूर्ण हड़ताल को लेकर बधाई दी गई।इस संबंध में मुंद्रिका प्रसाद ने बताया कि अभी संघर्ष को और तेज किया जाएगा।मजदूरों की कई सुविधा में कटौती की जारी है,जिसे लड़ कर लिया जाएगा।उन्होंने सभी मजदूरों से इसी तरह आगे भी एकजुट रहने की अपील की।मौके पर चमन महतो,बिजली महतो, दिलीप कुमार चौधरी,मुंशी महतो,जयशंकर प्रसाद, तुलसी महतो,दिलीप कुमार महतो,प्रेमचंद महतो,मदन महतो सहित यूनियन के कई लोगों के अलावे असंगठित मजदूर उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों के बीच डिक्शनरी और किताब का हुआ वितरण

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को एस.एस+2 हाई स्कूल पतरातू और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में अध्ध्यनरत् कक्षा 9 के विद्यार्थियों के बीच बीआरसी से प्राप्त डिक्शनरी, सामान्य ज्ञान-1 सामान्य-2 बुक और ग्रामर का वितरण किया गया। यह वितरण पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार के द्वारा संपन्न किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र रविदास, शिक्षक प्रमोद सिंह बिनेश्वर महतो, निर्मला कुमारी,गोविंद कुमार सिंह, अशोक ठाकुर,अशोक कुमार और कमला सिंकु आदि उपस्थित थे।



## जनता को बरगलाना बंद करें सांसद के अखबारी प्रतिनिधि : कृष्णा सिंह

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सांसद के अखबारी प्रतिनिधि महेंद्र कु.महतो ने प्रेस में बयान जारी कर कहा है कि 26 फरवरी को प्रधानमंत्री एवं सांसद पतरातू रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास करेंगे। जो कि सरासर गलत बयान है। ये सिर्फ जनता को बरगलाने का काम करते है क्योंकि, लोकसभा चुनाव की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है। जिस कारण उन्होंने जनता को गुमराह करने के लिए यह बयान जारी किया है सिंह द्वारा आगे कहा गया है कि 26 फरवरी को प्रधानमंत्री रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास नहीं तीन अंडर पास पुल का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री जयनगर टोकीसुद और हेंदेगिर में रेलवे द्वारा बना हुआ अंडरपास पुल का उद्घाटन करेंगे। आगे विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि अभी झारखंड सरकार के द्वारा स्वीकृत प्रदान नहीं हुआ है। पतरातू रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण के लिए क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद प्रयासरत है रेलवे विभाग से लेकर झारखंड सरकार के परिवहन विभाग तक को पत्राचार कर निर्माण के लिए कहा है। जिसका परिणाम है कि आज पतरातू रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। सिर्फ स्वीकृति बाकी है।



## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा छावनी फुटबॉल मैदान में लगाए गए स्वदेशी मेला में स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों के द्वारा गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसका शुभ उदघाटन हजारीबाग लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ने किया और कहा की रक्तदान महादान इसलिए कहा जाता हैं के आये दिन में यदि दुर्घटना या किसी को गंभीर बीमारी हो जाय ऐसी अवस्था में रक्त की अवश्यकता होती हैं और उस क्षेत्र में ब्लड बैंक द्वारा रक्त उपलब्ध हो जाता हैं तो ऐसे में कई लोगो के जान बचाई जा सकती हैं इसलिए हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। साथ ही दिलीप सिंह भी उपस्थित थे। स्वदेशी मेला के संयोजक पंचम चौधरी,संरक्षक प्रो आलोक कुमार सिंह, सह संयोजक मिथिलेश मंडल एवं नेपाल महतो, प्रेम गुप्ता, प्रह्लाद साव, बागेश्वर प्रसाद गुप्ता रेलवे कंट्रोलर बरकाकाना, बेनू गोपाल, देव कुमार आदि मौजूद रहे इस केम्प में कतार में खडे हो कर ब्लड डोनेट करने आये लगभग 17 लोगो ने रक्तदान किया इसमे सन्त कोलंबस कालेज एवं सी.एन कालेज की एन.सी.सी के छात्राओं ने भी रक्तदान किया।



## जिला स्तरीय सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब के गठन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला स्तरीय सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब के गठन हेतु पदाधिकारी (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव-सह- कोषाध्यक्ष) एवं कार्यकारिणी सदस्यगण का चुनाव अनुमंडल कार्यालय सभा कक्ष, रामगढ़ में मारकस हेमरोम, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ के अध्यक्षता में संपन्न हुआ । अध्यक्ष पद में तीन उम्मीदवार भाग लिए 1. राजा बाबू मुंडा को - 11 मत 2. विक्की कुमार दास को-9 मत 3. मंटू कुमार महतो-29 मतो से विजय रहा।उपाध्यक्ष पद में चार उम्मीदवार भाग लिए 1. महावीर कुमार महतो को - 07 मत 2. रविकांत को-05 मत 3. सुधीर कुमार को-15 मत एवं राजेश कुमार महतो -22 मतो से विजय रहा। सचिव-सह- कोषाध्यक्ष पद में दो उम्मीदवार भाग लिए 1. ईरशाद अंसारी को - 17 मत 2. नरेश हेमरोम-32 मतो से विजय रहा। एवं जिला स्तरीय कार्यकारिणी सदस्यों को सर्व सहमति से 19 सदस्यों को मनोनीत किया गया। चुनाव के बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्य गणों को खेल पदाधिकारी द्वारा बधाई देते हुए सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी । साथ ही बताया गया कि इस खेल के गठन होने से जिले में खेल के साथ साथ यहाँ की संस्कृति एवं युवा गतिविधि को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी एवं ग्रामीण युवाओं को प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। इन क्लबो के गठन से खेल, कला संस्कृति, पर्यटन एवं युवा गतिविधि के क्षेत्रो में सहयोग मिलेगा । खेल पदाधिकारी ने बताया की सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन सभी ग्रामीण स्तर, प्रखंड स्तर एवं जिला स्तर पर किया जा चूका है । इन सभी खेल क्लबो का निबंधन सोसाइटी एक्ट 1860 की तहत किया जाना है । निबंधन के बाद सरकार द्वारा सभी सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लबो को वित्तीय सहायता दी जायेगी । ग्रामीण स्तर पर पंचायत सचिव, प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला स्तर पर खेल पदाधिकारी द्वारा इन क्लबो का मॉनिटरिंग किया जायेगा । उक्त अवसर पर श्रीकांत मांझी लिपिक अनुमंडल कार्यालय एवं दुर्योधन महतो, लिपिक, कुमार निशांत, प्रकाश महतो, भोलानाथ महली, सूरज कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।




## रॉयल इंटरप्राइजेज के सौजन्य से एडो ब्रांड के टेक्निकल मास्टर क्लास का रामगढ़ में आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अपनी उम्दा टेक्नोलॉजी, बेस्ट क्वालिटी, सर्विस और 10 साल तक की लम्बी बैट्री वारंटी लाइफ के साथ एडो बैटरी ग्राहकों की पहली पसंद बनती जा रही है द्य इसी उपलब्धि को साझा करते हुए रॉयल एंटरप्राइजेज के सौजन्य से पंचवटी होटल रांची रोड के सभागार एडो ब्रांड के टेक्निकल मास्टर क्लास का आयोजन किया गया।क्यों एडो ब्रांड लोगों के दिलों में अपना जगह बनाता जा रहा है क्या है इसकी खासियत इन तमाम बातो को बताने के लिए एडो कंपनी के टेक्निकल अधिकारी द्वारा एडो ब्रांड के सभी प्रोडक्ट्स व उसकी फीचर्स के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के करीब 40 डीलर उपस्थित हुए।


### पूर्व मध्य रेल
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रू घाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं: (1) **ई-निविदा संख्या:** एसएण्डटी-सी-डीएचएन-19, **ई-निविदा सूचना संख्या :** एसएण्डटी-सी-डीएचएन-19, **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में सिंदरी मार्शलिंग यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इंडोर और आउटडोर) का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **अनुमानित लागत:** Rs. 15,58,31,622.60, **अमानत राशि:** Rs. 9,29,200/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **कार्य निस्पादित करने का समय:** 06 महिना। **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय:** 14.03.2024 को 12:00 बजे तक। (2) **ई-निविदा संख्या :** एसएण्डटी- सी-डीएचएन-20, **ई-निविदा सूचना संख्या:** एसएण्डटी-सी-डीएचएन-20, **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में मल्टी ट्रैकिंग कार्य के संबंध में गोमो-प्रधानखुंटा खंड के बीच सिग्नलिंग केबल, लोकेशन बॉक्स, काड, ओएफसी और अन्य एस एंड टी उपयोगिताओं का स्थानांतरण।। **अनुमानित लागत:** Rs. 38,43,858.28/-, **अमानत राशि:** Rs. 76,900/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **कार्य निस्पादित करने का समय:** 06 महिना। **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय:** 14.03.2024 को 12:00 बजे तक। **विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।**

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/धनबाद
पीआर/02374/सीडीएचएन/एसएण्डटी/टी/23-24/40


## भुरकुंडा पुलिस ने हथियार के बल पे लूटपाट करने वाले चार अपराधी को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पुलिस ने लूटपाट मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार कर रामगढ़ उपकार भेज दिया है इन चार अपराधियों की गिरफ्तारी हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र से की गई है इनके पास से पुलिस ने एक नकली बंदूक और दो भुजली लूट गए दो मोबाइल और एक बाइक को भी बरामद किया है पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि बीते 16 फरवरी को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के जवाहरनगर निवासी उपेंद्र शर्मा से मारपीट और लूटपाट की थी। मामले में पतरातू थाना में कांड संख्या 35/24 दर्ज किया गया था। वहीं 20 फरवरी को उसी घटनास्थल के आसपास भुरकुंडा बैरेक निवासी मनीष राजभर के साथ हथियार के बल पर मारपीट करते हुए लूटपाट की थी। जिसपर पतरातू थाना में कांड संख्या 36/24 दर्ज किया गया था।एसडीपीओ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर भुरकुंडा, बासल और भदानीनगर पुलिस की टीम का गठन कर छानबीन शुरू की गई। अनुसंधान करते हुए 21 फरवरी की रात में पुलिस ने गिद्दी थानाक्षेत्र के रहनेवाले विशाल कुमार राम, राहुल करमाली, दीपक कुमार सिंह और कुलदीप सिंह गिरफ्तार। लूटकांड में प्रयुक्त हीरो होंडा साइन छ्वा24 रू2529 बरामद किया गया। अभियुक्तों के पास से एक नकली देशी पिस्टल, दो भुजाली और लूटा गया दो मोबाइल बरामद किया गया है।

## रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुएं में मिला नव दंपति का शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ के गोरियारी बाग में गुरुवार की सुबह एक कुएं में युवा पति पत्नी के शव मिलने की बात सामने आ। इस बात की सूचना मोहल्ला के लोगों ने रामगढ़ थाना पुलिस को दी।रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम सदल बल बताए हुए स्थल पर पहुंची। पुलिस कुएं से एक पुरुष और महिला का शव निकाला। जिसकी पहचान मोहल्ला के लोगों ने की । बताया गया कि कुएं में से मिला शव लगभग 25 वर्षीय विशु कुशवाहा और लगभग 22 वर्षीय महिला अंजली देवी का है। दोनों पति-पत्नी के रूप में पिछले कुछ समय से यहां रह रहे थेद्य दोनों का प्रेम विवाह कुछ महीने पूर्व रामगढ़ थाना परिसर में हुआ था। दोनों का परिवार शहर के नए बस स्टैंड के निकट रहता है। मोहल्ला के लोगों ने बताया कि कल 21 फरवरी की शाम को अंजलि के पेट में दर्द होने की बात कही गई थी। उसका पति उसकी इलाज करने के लिए रामगढ़ छावनी अस्पताल ले गया था। इस बात की सूचना पर अंजली देवी के सास ससुर भी घर आए थे । लेकिन वह देर शाम को वापस घर चले गए थे। इसके बाद की घटना की जानकारी मोहल्ला के लोगों नहीं है। आज सुबह मोहल्ला के लोगों ने जब घर बंद देखा तो पति-पत्नी की खोज आरंभ की गई। लेकिन उनका पता नहीं चला। सुबह में 7~00 बजे के लगभग घर के बगल के एक कुएं के बाहर कुशवाहा का कपड़ा पड़ा मिला । जिसकी सूचना मोहल्ला के लोगों को मिला द्य इसकी जानकारी रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार से इस संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल में लगता है कि आत्महत्या का मामला है। दोनों के बॉडी को कब्जा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की प्रखंड स्तरीय हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** पतरातु प्रखंड अंतर्गत झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली की बैठक देवरिया स्थित पंचायत भवन के समीप फुटबॉल ग्राउंड में रखा गया। बैठक में केंद्रीय टीम से आनंद केटियार, राकेश मेहता, राज किशोर चौधरी एवं विकास महतो के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिया गया,साथ ही प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई।हजारीबाग लोकसभा से जो भी JBKSS के उम्मीदवार होंगे उनको पतरातु प्रखंड से भरपूर समर्थन एवम वोट देने एवम दिलवाने का संकल्प लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से गिरिशंकर महतो, राजेंद्र बेदिया, धनंजय यादव, उमेश महतो, अंजन कुमार महतो, श्याम सुन्दर महतो, मनोरंजन महतो, सुरेंद्र महतो, संजीव साहू, कमलनाथ, रविन्द्र कुमार महतो, छोटेलाल महतो,चंदन कुमार, सनी कुमार महतो,आर्यन टोप्पो, राजेश बेदिया, दिलीप बेदिया, खिरोधर महतो, बाबूलाल महतो, बैजनाथ महतो, हेमंत कुमार मुंडा, नरेश महतो, मेराज खान, अयूब अंसारी, कविता देवी, गुड़िया देवी, खुशबू कुमारी, सोनी देवी, ममता देवी, कुंती देवी, नेहा देवी, दीपा देवी, सरिता देवी, प्रतिमा देवी, जयंती देवी, भूमिका कुमारी, मीना देवी, सुनीता देवी, पार्वती देवी आदि सैकड़ों jbkss के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## हाजत में हुई युवक की मौत, परिजनों ने लगाया पुलिस पर गंभीर आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना में लगभग सुबह 7:00 बजे हाजत में बंद युवक ने फांसी लगा ली आनन फानन में उसे हाजत से निकाल कर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने कहा कि अभी इसकी मृत्यु हुई है ।जानकारी के अनुसार अनिकेत कुमार पिता महेंद्र भुईयां उम्र 19 साल मेलोनी क्लब निवासी की मृत्यु हो गई । चेंबर ऑफ कॉमर्स में हुई चोरी को लेकर पुलिस के द्वारा दो लोगों को रात में पूछताछ हेतु रामगढ़ थाना लाया गया था । अनिकेत कुमार पिता महेंद्र भुईयां उम्र 19 साल को रात्रि नंदा बार से पुलिस के द्वारा पूछताछ हेतु लाया गया था परिवार वाले का आरोप है कि पुलिस की मार से वह और पुलिस के दबाव में उसने यह कार्य किया है इसे लेकर उच्च स्तरीय जांच चल रही है और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि युवक द्वारा खुद से आत्महत्या का मामला सामने आया है पूरे मामले में टीम जांच जाच कर रही है। रामगढ़ थाना में जांच के लिए सीआईडी की टीम एवं फॉरेंसिक रांची की टीम पहुंचकर जांच कर रही है।




## सिख एसपी को खालिस्तानी कहने से नाराज सिखों ने निकाला विरोध मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ में पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता शिवेंदु अधिकारी द्वारा एक सिख पुलिस अधिकारी को कथित तौर पर खालिस्तानी कहे जाने का मामला बढ़ता जा रहा है. गुरुवार को सिखों का जत्था गुरुद्वारा रामगढ़ के मुख्य मार्ग से होते हुए सुभाष चौक पर पहुंचकर सभा की. सिखों ने कहा कि सिखों का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. भाजपा ने सिर्फ सिख पदाधिकारी जसप्रीत सिंह को खालिस्तानी नहीं कहा है, बल्कि पूरे सिख समाज को खालिस्तानी बता दिया है. सिखों ने कहा कि जब भी सिख आगे आते हैं, भाजपा विचारधारा के लोग सिखों पर लांछन लगाते हैं. सिख किसान आंदोलन करते हैं तो उसे खालिस्तानी कहा जाता है, जब कहीं आपदा के समय लंगर की सेवा लगाते हैं तो कहा जाता है कि फंड खालिस्तान से आ रहा है. अब इस तरह का अपमान सिख बर्दाश्त नहीं करने वाले हैं. भाजपा नेताओं में लोगों के प्रति रंग, धर्म, जाति को लेकर कितना नफरत बढ़ रहा है. दस्तार पहनने वाले आईपीएस को खालिस्तानी बोले जाने पर भाजपा देश से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे और दोषी भाजपा नेता एवं विधायक शुभेंदु अधिकारी को पार्टी से निष्कासित करें नहीं तो पूरे देश में सिख आंदोलन करने पर बाध्य होंगे. प्रदर्शन में बलजीत सिंह बेदी, अनमोल सिंह, दलजीत सिंह, कुलवंत सिंह, भाखा सिंह, रघुवीर सिंह छाबड़ा, सत्येंद्र सिंह छाबड़ा, कुलवंत सिंह, अमरजीत सिंह छाबड़ा, राजा कलरा, पलविंदर सिंह, रमणी सिंह बेदी, दलजीत सिंह, जोगिंदर सिंह जग्गी, रणजीत सिंह जैसल, प्रतिपाल सिंह सहित कई सिख समुदाय के लोग मौजूद थे।





Email : eedwsd.chatra01@gmail.com
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

**निविदा रद्द संबंधि सूचना**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या– CTR/STATE_PLAN/DT/21/2023-24 (1st Call) जिसका P.R. No. 316612 (Drinking Water & Sanitation) 2023-24 है, को अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के पत्रांक 155 दिनांक 21.02.2024 के आलोक में एतद द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
चतरा

PR 319964 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग

**–:: निविदा रद्द संबंधी सूचना ::–**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Construction of 125/115 mm dia with 70m/90m/120 mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part–2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine/DTH Rig Machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on turn-key basis under D.W.&S. Division, Hazaribagh for the Year 2023-24 जिसका P.R. No.:- 316666 Drinking Water and Sanitation (23-24):D है, के निम्नांकित ग्रुपो को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। जिसकी विवरणी निम्न है–

| | |
|---|---|
| 1 | HZB/70 M/DT/01 |
| 2 | HZB/70 M/DT/04 |
| 3 | HZB/70 M/DT/05 |
| 4 | HZB/70 M/DT/15 |
| 5 | HZB/90 M/DT/19 |
| 6 | HZB/90 M/DT/21 |
| 7 | HZB/90 M/DT/22 |
| 8 | HZB/120 M/DT/26 |
| 9 | HZB/120 M/DT/27 |
| 10 | HZB/120 M/DT/28 |

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 320028 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

### कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़
Email-ID-eemidramgarh24408@gmail.com

**शुद्धि-पत्र**

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ के द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई-निविदा संख्या WRD/MID/ Ramgarh $F_2$- 10/2023-24 चौपादारू के पास संधोई नाला पर चेकडैम का निर्माण प्रखण्ड-गोला, जिला-रामगढ़ जिसका PR No. क्रमशः 319894 है को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक के लिए रद्द की जा रही है।

PR 320052 Minor Irrigation(23-24)#D

कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

**सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **18/JMT/ 2023-24, PR No. 316623** के निम्न ग्रुप संख्याओं का निविदा अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

| Sl No. | Group No. | Nos. of Drilled Tube Well |
|---|---|---|
| 1 | KOD/DT/70 Mtr / 01 | 100 |
| 2 | KOD/DT/70 Mtr / 02 | 100 |
| 3 | KOD/DT/70 Mtr / 07 | 40 |
| 4 | KOD/DT/70 Mtr / 08 | 40 |
| 5 | KOD/DDT/90 Mtr / 09 | 88 |
| 6 | KOD/DDT/90 Mtr / 10 | 88 |
| 7 | KOD/DDT/90 Mtr / 11 | 87 |
| 8 | KOD/EDDT/120 Mtr / 12 | 55 |

(ई0 अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR 320017 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

### e-Procurement Cell
**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**
**JHARKHAND, RANCHI**

**Very Short Term e-Procurement Notice Tender Reference No.- 43/2023-24**

| Sl. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakhs) | Earnest Money (Lakhs) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
